Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 128 | रविवार, 11 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 3 घंटे में ही पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर

# धोखेबाज निकला पाकिस्तान



**सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन से हमले**

नई दिल्ली।

पंजाब के फिरोजपुर और राजस्थान के बाड़मेर में भी कंप्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया है। उमर अब्दुल्ला ने भी इसे पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत बताया है। भारत की ओर से सेनन को निर्देश दिया गया है कि पाकिस्तान की हर एक हरकत का जोरदार जवाब दिया जाए।

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। सीजफायर होने के बावजूद भी वह भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने ड्रोनेस भेज रहा है। पाकिस्तान द्वारा भेजा जा रहा है ड्रोनेस को भारत की ओर से खत्म किया जा रहा है। श्रीनगर से लेकर बाड़मेर तक फिलहाल ब्लैकआउट किया गया है। जम्मू, श्रीनगर में लोगों को आवाज सुनाई दी है। पंजाब के फिरोजपुर और राजस्थान के बाड़मेर में भी कंप्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया है। उमर अब्दुल्ला ने भी इसे पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत बताया है। भारत की ओर से सेनन को निर्देश दिया गया है कि पाकिस्तान की हर एक हरकत का जोरदार जवाब दिया जाए। सरकार ने शनिवार को निर्णय लिया कि भारत अपनी सरजमीं पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानेगा और उसी के अनुसार जवाब देगा। शीर्ष आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह चेतावनी पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुई सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति की घोषणा से पहले दी गई। इस निर्णय के साथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींचने की कोशिश की है और यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी फिर से भारत को निशाना बनाते हैं, तो सरकार पहलगाम घटना के बाद जैसी ही सैन्य प्रतिक्रिया देगी। एक शीर्ष सरकारी सूत्र ने कहा, भारत में भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य को देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसका जवाब उसी के अनुसार दिया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध की कार्रवाई से तात्पर्य किसी देश द्वारा दूसरे देश के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण कार्रवाई से है, जो पीड़ित देश को हमलावर पर हमला करने का वैध आधार प्रदान करती है। इस बयान के तुरंत बाद भारत ने घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने शनिवार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने आज अपराह्न तीन बजकर 35 मिनट पर भारत के डीजीएमओ को फोन किया।

### पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन पर MEA का बयान

## अपनी जिम्मेदारी समझे पड़ोसी मुल्क सेना को ठोस कदम उठाने के आदेश

नई दिल्ली।

विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का घोर उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तान में विश्वास को तोड़ा है। पाकिस्तान इसको गंभीरता से समझे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सी को जवाबी कार्रवाई के लिए ठोस निर्देश दिए गए हैं।

सीजफायर की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान ने आज इसका घोर उल्लंघन किया है। भारत के क्षेत्र में पाकिस्तान के ड्रोन देखने को मिले। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दिया है।



विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का घोर उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तान में विश्वास को तोड़ा है। पाकिस्तान इसको गंभीरता से समझे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए ठोस निर्देश दिए गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री का कहना है, ₹भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच पिछले कुछ दिनों से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए आज शाम एक सहमति बनी। पिछले कुछ घंटों से पाकिस्तान की ओर से इस सहमति का उल्लंघन किया जा रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और सीमा पर इस घुसपैठ से निपट रही है। यह घुसपैठ बेहद निंदनीय है और इसके लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। हमारा मानना ??है कि पाकिस्तान को इस स्थिति को ठीक से समझना चाहिए और इस घुसपैठ को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

## राजनीति करने का टाइम आ गया

नई दिल्ली।

सत्तारूढ़ पार्टी ने वीडियो में इस बात का उल्लेख किया है कि आतंकी हमलों के बाद कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता की, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में अपनी-अपनी भूमिकाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच शनिवार को राजनीतिक विवाद छिड़ गया, जब सत्तारूढ़ पार्टी ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर निशाना साधा, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है।

## सेना पूरी तरह तैयार, किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे

नई दिल्ली।

सोफिया कुरैशी ने आगे कहा कि पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया, जो भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने भारत से संपर्क किया और दोनों देश बातचीत कर युद्ध विराम पर सहमत हो गए। सरकार ने कई दिनों से



चल रही सैन्य तनातनी और दोनों पड़ोसियों के बीच बढ़े तनाव के बाद युद्ध विराम की पुष्टि की। भारत-पाक युद्धविराम समझौते के बाद कमोडोर रघु आर नायर, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने खत्र्र 17 से हमारे र400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। दूसरे, उसने यह भी गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है। इसके अलावा सोफिया कुरैशी ने आगे कहा कि पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया।

## कोई शर्त नहीं, स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि



नई दिल्ली।

विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है।

यह आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। वहीं, इससे पहले कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने खत्र्र 17 से हमारे र400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। मिसाइल, ड्रोन और तोपखाने के हमलों के कई दिनों बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करने के कुछ ही मिनटों बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंक के पनाहगारों के लिए एक सख्त संदेश जारी किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत ने लगातार सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। यह ऐसा करना जारी रखेगा। उन्होंने, एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है।

### पाकिस्तान पर बरसे ओवैसी

## हमारे पूर्वजों ने दो-देश सिद्धांत को खारिज कर दिया था, तुर्की को भी लपेटे में लिया

नई दिल्ली।

ओवैसी ने कहा कि हमारी जमीन पर हमले हो रहे हैं, सैनिकों पर, उन्हें लोन मिला है। शासन-प्रशासन तो छोड़िए, उन्हें अर्थव्यवस्था चलाना भी नहीं आता। यह उनकी गलत नीति है, यहाँ हिंदू-मुसलमानों के बीच फूट डालना।



पाकिस्तान के खिलाफ अपने सख्त रुख के लिए वाहवाही बटोर रहे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पड़ोसी देश को एक और करारा जवाब दिया है। और इस बार इसमें पाकिस्तान के ह्लभाई राष्ट्रह्न तुर्की को भी शामिल किया गया है, जो उसे अटूट समर्थन दे रहा है। ओवैसी, जो पहले पाकिस्तान के खिलाफ हमलावर देखे गए थे, ने अब तुर्की पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि एक तरफ तुर्की अपनी जमीन पर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान का समर्थन करता है, जिसे आतंकवाद का वैश्विक केंद्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें तुर्की को यह समझाना होगा। यह दुनिया का एकमात्र देश है जो अपनी जमीन पर आतंकवादी संगठनों, कुर्द समूहों पर बमबारी करता है। जब तक उन्होंने इराक के साथ समझौता नहीं किया था, तब तक वे वहां भी आतंकवादी संगठनों पर बमबारी करते थे। और अब वे सीरिया में भी ऐसे शिविरों पर बमबारी कर रहे हैं। इसलिए उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब वे विदेशी जमीन पर आतंकवादियों को मार सकते हैं, तो वे भारत से कैसे सवाल कर सकते हैं। ओवैसी ने कहा कि हमारी जमीन पर हमले हो रहे हैं, सैनिकों पर, उन्हें लोन मिला है। शासन-प्रशासन तो छोड़िए, उन्हें अर्थव्यवस्था चलाना भी नहीं आता। यह उनकी गलत नीति है, यहाँ हिंदू-मुसलमानों के बीच फूट डालना। मुरीदके और बहावलपुर में हमला हुआ, जो अमेरिका में आतंकवादी है, उसके पीछे पाकिस्तान की सेना खड़ी है।

## देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर

नई दिल्ली।

देश के उत्तरी इलाकों में दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बड़ी हलचल की संभावना है।

एक विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के पास चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है, जबकि दूसरा ट्रफ के रूप में बना हुआ है। इसके कारण 11 और 12 मई को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बिजली चमकने



और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। देशभर में मौसम का मिलाजुला असर दिखाई दे रहा है। उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के कई राज्यों में गर्मी कहर बरपा रही है और पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से पांच दिनों के अंदर उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा और झारखंड में भी तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। इन इलाकों में लू चलने की भी चेतावनी जारी की गई है।

### सरकार ने पाकिस्तान को चेताया

## आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा

नई दिल्ली।

भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में लेकर जा रहा है जो स्थिति को और तनावपूर्ण करने के आक्रामक इरादे का संकेत है। सेना ने साथ ही कहा कि वह अभियानगत रूप से पूरी तरह तत्पर हैं। भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। यह पाकिस्तान के लिए कड़ी चेतावनी है। इसके साथ ही भारत ने कहा कि उसने पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, लंबी दूरी के हथियारों एवं लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर अन्य इलाकों और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर खतरे पैदा करने की पाकिस्तान की उकसावे वाली कार्रवाई को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया है। भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में लेकर जा रहा है जो स्थिति को और तनावपूर्ण करने के आक्रामक इरादे का संकेत है। सेना ने साथ ही कहा कि वह अभियानगत रूप से पूरी तरह तत्पर हैं।



## संपादक की कलम से

# साजिशों का दौर और

सियासी सिकुड में यह सिहरन कैसी, तेरे पांव की मेहंदी सफर पे नकली निकली। हिमाचल कांग्रेस के ताज को तख्त से शिकायत इतनी बढ़ गई कि अब सोशल मीडिया की तख्तियों पर बुखार चढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की एक पोस्ट ने चीरफाड़ शुरू की है, तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपनी ही सरकार के फैसले को कुरेदना शुरू किया है। मुकेश अग्निहोत्री फरमाते हैं, ह्यसाजिशों का दौर है, झूठ के पांव नहीं होते ह्व इस पोस्ट के पीछे कसक है-कटौती है या गहरे पानी से निकलता कोई ज्वारभाटा, यह कांग्रेस का विलाप है जो किंकत्तव्यविमूढ़ परिस्थितियों में ह्यआलाकमानह्व का दरबार सजा है। कांग्रेस में यह कौनसी साजिश है जिसे अग्रिहोत्री सूंघ रहे हैं। विडंबना यह है कि पार्टी संगठन में अब अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया के समुद्र छाने जाते हैं। इससे पहले भी जब प्रदेश की सत्ता में तूफान आया था, तो इसकी पूर्व सूचना के लिए सोशल मीडिया की सुर्खियां आक्रोश की दिहाड़ी पर काम कर रही थीं। अब पुनः आक्रोश की दिहाडियों को गिना जा सकता है। सरकार में मुकेश अग्रिहोत्री का रुतबा अगर रंजिश के दांव-पेंच में साजिशें गिन रहा है, तो यह शुभ सूचना नहीं हो सकती। यह सत्ता के मुलायम सफे कैसे हो सकते कि कोपभवन में सरकार के ही मुख्यमंत्री को अंदेशा है कि षड्यंत्र लिखा जा चुका है या झूठ के तराजू में इंसाफ हो रहा है। ये इशारों की भाषा में सत्य की कथनी हो सकती है या राजनीतिक सियारों की हूक भी हो सकती है, मगर दोनों ही स्थितियों में कालिख के कालीन पर कांग्रेस चल रही है। संगठन चुनावों के छिलके इतने उतर चुके हैं कि पार्टी फिर पुराने दौर के दोराहों पर दिशा भ्रम के संघर्ष में कमजोर-लाचार दिखाई दे रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में ठियोग के विधायक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के उस फैसले को चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां सरकार शिमला को कुछ कार्यालयों के बोझ से निवृत्त करने जा रही है। पर्यटन विकास निगम मुख्यालय को धर्मशाला शिफ्ट करने को अंतिम मोहर लग चुकी है, तो ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रश्नों का बखेड़ा करके इस फैसले को विरोध के मोर्चे पर खड़ा कर दिया है। व्यवस्था परिवर्तन की जिस टोह में मुख्यमंत्री निकले हैं, वहां शिमला के दबाव को मुक्त करने की गुंजाइश खोजी जा रही है। ऐसे में ताल से ताल मिलाने के बजाय राठौर ने विरोध की रार ठोंकी है। सियासत जब दुकान बनती है, तो हर मापतोल पर व्यापार होता है। आश्चर्य यह कि सरकार के हर फैसले पर अपनों की निगाह और अपने ही गवाह। गवाही यह कि उप मुख्यमंत्री को शिकायत है, तो एक विधायक को फैसला पसंद नहीं आया, तो मीडिया-मीडिया खेल शुरू हो गया। ऐसे में बिखराव के इस मंजर पर अनुशासित होने के लिए आदेश कौन पारित करेगा। इन दोनों नेताओं ने अपनी बात कहने के लिए सोशल व मेन स्ट्रीम मीडिया का ही प्रयोग क्यों किया। अपनों के साथ बात करने का तरीका अपने आप में बहुत कुछ कहता है। दूरियां हैं या फैसलों से फासले पैदा हो रहे हैं। आपत्तियां हो सकती हैं, लेकिन यहां तो मकबरे चिन कर बताया जा रहा है कि कोई सुला दिया गया नमाज पढे से पहले। आश्चर्य यह कि अन्य राज्यों के भूत अब प्रदेश कांग्रेस के पलड़े पर आकर बैठे महसूस हो रहे हैं। अपनी ही पार्टी अपनी ही सत्ता के शिकायती टोकरों में मुंह छिपाती घूम रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को उपमुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि साजिश के ऊंट किसके रेगिस्तान में घूम रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा के विरोध का चारा अगर कांग्रेसी नेता ही खाएंगे तो सरकार के लिए घर के हालात पर गौर फरमाने की जरूरत बढ़ जाती है। कुछ तो है कि तेरी बस्ती में आग लगी, माचिस तो दूर थी पास की चिंगारी जली।



ललित शर्मा
संपादक

# पाकिस्तान को अपने नागरिकों के हित में अपनी भारत विरोधी नीति को छोड़ना ही होगा

भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है। पाकिस्तान के जन्म के साथ ही वहां के राष्ट्रीय दलों एवं नेताओं ने भारत विरोध को अपनी अधिकारिक नीति बना लिया था। पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर ध्यान नहीं देते हुए, किसी भी प्रकार भारत के हितों को क्षति पहुंचाई जाए, इस बात पर अधिक ध्यान दिया गया। भारत को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से पाकिस्तान द्वारा कई आतंकवादी संगठन खड़े किए जाते रहे एवं इन संगठनों के आतंकवादी सदस्यों को भारत भेजा जाता रहा। भारत, हालांकि पाकिस्तान द्वारा भारत में भेजे गए इन आतंकवादीयों को मौत के घाट उतारने में लगातार सफल होता रहा, परंतु, कुछ अवसरों पर इन आतंकवादीयों को भी भारत में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने में सफलता हासिल होती रही। वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान भारत पर निराधार आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने के लगातार प्रयास करता रहा है। भारत के इस अंधे विरोध के चलते पाकिस्तान की आर्थिक प्रगति पूर्णतः बाधित हुई है। भारत और पाकिस्तान वर्ष 1947 में एक साथ राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े थे। परंतु, आज पूरे विश्व में भारत एक महाशक्ति बन गया है जबकि पाकिस्तान लगातार केवल आतंकवादी संगठनों की स्थापना करते हुए आज विश्व में आतंकवादी पैदा करने की सबसे बड़ी फैक्टरी बन गया है तथा आर्थिक प्रगति के मामले में तो एकदम पिछड़ गया है। आज भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद केवल 37,900 करोड़ रुपए का ही है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 11,110 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि पाकिस्तान में प्रति व्यक्ति आय 6,720 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है, अर्थात भारत की तुलना में लगभग आधी, जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है तो वहीं पाकिस्तान की जनसंख्या केवल लगभग 25 करोड़ ही है। इसी प्रकार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है, जो कि संभवतः इस वर्ष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर को भी पार कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही है। पाकिस्तान पूरे विश्व में विभिन्न वित्तीय संस्थानों एवं देशों से सबसे अधिक बार ऋण लाने वाले एवं आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में प्रथम स्थान पर काबिज है। अभी भी, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मोनेटरी फंड से 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लेने का प्रयास कर रहा है। जबकि भारत अन्य देशों को ऋण प्रदान करने की स्थिति में पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की रही है। इसके विपरीत पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2022 में 6.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2023 में ऋणात्मक 0.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 2.5 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है। जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद के आकार का 11 गुणा से भी अधिक है। भारत के बड़े आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी अधिक है और पाकिस्तान के छोटे आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी कम है। इससे तो भविष्य में पाकिस्तान, भारत की तुलना में और अधिक पिछड़ता जाएगा। भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है। भारत का वार्षिक वित्तीय बजट पाकिस्तान के वार्षिक वित्तीय बजट से लगभग 10 गुणा है। पाकिस्तान के वार्षिक बजट के आकार से अधिक आकार का बजट तो भारत में अकेले उत्तर प्रदेश राज्य का ही है। भारत में केंद्र सरकार के उपक्रम एवं अन्य उपक्रम केंद्र सरकार को लाखों करोड़ रुपए की राशि डिवीडेंड के रूप में उपलब्ध करा रहे हैं।



इस वर्ष, अकेले भारतीय रिजर्व बैंक ही 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराने जा रहा है। अकेले वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण ही लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में अप्रेल 2025 माह में 2.37 लाख करोड़ रुपए का वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण हुआ है। रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आज पूरे विश्व में एक सक्षम एवं अनुशासित महाशक्ति बन चुका है। अतः पाकिस्तान को भारत से लड़ाई करने का विचार ही अपने मन से निकाल देना चाहिए, इसी में पाकिस्तान के आम नागरिकों की भी भलाई है। कुछ समाचारों के अनुसार, दिनांक 8 मई 2025 की रात्रि में पाकिस्तान ने लगभग 200 मिसाईल एवं ड्रोन भारत के विभिन्न शहरों पर दागे थे, परंतु इनमें से शायद एक भी ड्रोन पाकिस्तान द्वारा तय किए गए अपने ठिकाने पर नहीं पहुंच सका और भारतीय सेना ने इन मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। जबकि, भारत ने जितने भी मिसाईल एवं ड्रोन पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर दागे, इन लगभग सभी ने ही अपने निशाने पर सटीक रूप से पहुंच कर उन ठिकानों को तबाह किया है। अतः पाकिस्तान के नागरिकों को भी अब इस बात पर विचार करना चाहिए कि पड़ौसियों के साथ मित्रवत होकर रहने में ही दोनों देशों की भलाई है। पाकिस्तान यदि भारत से युद्ध करेगा तो उसे निश्चित ही मुंह की खानी पड़ेगी, जैसा कि अभी की परिस्थितियों की बीच होता हुआ दिखाई भी दे रहा है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने पाकिस्तान को भारत के साथ युद्ध से बचने की सलाह दी है क्योंकि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहिले से ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है एवं पाकिस्तान पर आज कर्ज का भारी भरकम बोझ इतना अधिक है कि भारत के साथ युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान एक हफ्ता भर भी भारत के सामने युद्ध में नहीं टिक पाएगा। वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर 2024 माह तक पाकिस्तान पर 13,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बाहरी संस्थानों एवं अन्य देशों का ऋण है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान सरकार को अपने बजट में रक्षा खर्च को 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए के स्तर पर लाना पड़ा है।

## वरुण शर्मा

## चमको हिंद के रखवालों

### कविता



चमको हिंद के रखवालों,
शत्रु ने तुम्हे ललकारा है,
पौरुष तो उसमे हैं ही नही,
मजहबी आग का पिया प्याला है,

बेनूगाह हिंदुओं को उसने,
सिर्फ इसलिए मार दिया,
क्योंकि उन्होंने गर्व से कहा हिंदू है हम
और अपना सीना तान दिया,

रणचंडी ने अब तुमको ओ वीरो,
मौका यह उपहार दिया,
जाओ टूट पड़ो और उसका रक्तपात करो,
जिसने यह कायराना कृत्य किया


कहता हर हिंदुस्थानी तुमसे,
बस इस बार कसर न छोड़ देना,
इस नापाकिस्तान को इस बार,
तोड़ देना मरोड़ देना और 4 टुकड़ो में तोड़ देना,

माँ भारती को भेंट चड़ा दो,
वो मुकुट जो मां का प्यारा हैं,
पूरा हिंदुस्थान बोल रहा हैं,
पूरा का पूरा कश्मीर हमारा हैं,

माँ भारती का लाल हैं नरेंद्र,
हर सैनिक हमारा हैं हैं अजेंद्र,
मिला देंगे मिट्टी में हर दुश्मन को,
चाहे धरती के किसी कोने में छुपा हो,
चाहे धरती के किसी कोने में छुपा हो

लेखक :
( राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विचारक )

# रावण को प्रतिनायक मानने वाले शब्द से प्रकाशमान हुए डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा 'अरुण'



डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

अपभ्रंश हिंदी साहित्य के परमविद्वान डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण अब हमारे बीच नही है।84 वर्ष की आयु में उनका 9 मई की शाम सवा सात बजे निधन हो गया है।वे पिछले 15 दिनों से पक्षाघात बीमारी से जूझ रहे थे। प्राच्य विद्याओं के विशेष अध्ययन एवं शोध के लिए प्रदान किया जाने वाला पाँच लाख रुपए का विवेकानंद साहित्य सम्मान उत्तराखंड के रुड़की निवासी अपभ्रंश भाषा के विद्वान अध्येता डॉ योगेन्द्र नाथ शर्मा अरुण को दिया गया था। केंद्रीय हिंदी संस्थान द्वारा दिया गया यह सम्मान उत्तराखंड ही नही समूचे देश के साहित्य जगत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषा में डीलिट स्तरीय शोध करने वाले डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण को 2 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय साहित्य अकादमी, नई दिल्ली का भाषा सम्मान दिया गया था, जिसमें उन्हें एक लाख रुपए के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया था।वही डॉ अरुण को अपभ्रंश साहित्य अकादमी, जयपुर का प्रतिष्ठित स्वयंभूदेव सम्मान भी दो बार मिला है। राष्ट्रीय साहित्य अकादमी, नई दिल्ली से डॉ अरुण की अपभ्रंश एवं पुष्पदंत शीर्षक से दो शोध परक पुस्तकें भी प्रकाशित हुई है। जैन राम काव्य के निष्णात विद्वान डॉ. योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण ने जैन साहित्य में रामकथा विषय के परम विद्वान थे। जैन साहित्य में राम कथा के अनेक प्रसंगों की चर्चा करते हुए वह कहते थे कि जैन साहित्य में 63 पूज्य पुरुषों को शलाका पुरुष बताया गया है। राम को लोक रक्षक के रूप में और कृष्ण को लोकरंजक के रूप में माना गया है। जैन साहित्य में सीता, लक्ष्मण और भरत को आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया गया है। राम कथा में उक्त पात्र त्याग और तपस्या के आदर्श के उदाहरण हैं। उनका कहना था कि जैन धर्म में अवतारवाद को नहीं माना जाता और हिंसा को कोई स्थान नहीं है ।इसलिए जैन राम कथा में रावण की हत्या का प्रसंग नहीं आता। वे स्वयंभू और तुलसी के राम पात्रों का उल्लेख करते हुए कहते थे कि स्वयंभू नारीत्व के प्रति समर्पित कवि हैं। शब्द साधना से मिले सम्मान भूमंडलीकृत वर्तमान समय में लगातार हो रहे मानव-मूल्यों का क्षरण चिंता का विषय है। सूचना-क्रांति के इस युग में जहाँ एक तरफ हम वैश्विक परिधि को लाँघ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कहीं-न-कहीं अपनी जड़ों से भी कटते जा रहे हैं। जिसके कारण तमाम भौतिक सुविधाओं के बावजूद जीवन नीरस होता जा रहा है। व्यक्तिवाद का चरम निराशाजन्य अंधकार ही तो है। इन्ही विषयो पर डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण की कहानियाँ जीवन की इसी आपाधापी से निकली हैं, जो जीवन-मूल्यों के राग को बचाने का प्रयास करती हैं। साहित्य अकादमी ने कालजयी और मध्यकालीन साहित्य और गैर मान्यताप्राप्त भाषाओं में योगदान के लिए डॉ अरुण के योगदान को सराहा गया है। उन्हें कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में योगदान के लिए उत्तरी क्षेत्र से (2017 के लिए) भाषा सम्मान मिला था। डा. योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण का जन्म 7 जून सन 1941 को कनखल, हरिद्वार में हुआ था। वह उपाधि पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, पीलीभीत (महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली) के सेवानिवृत्त प्राचार्य थे। उनकी 35 से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें चार बाल कविता-संग्रह भी शामिल हैं। जैन रामकथा पर डॉ अरुण का शोधग्रंथ स्वयंभू एवं तुलसी के नारी पात्रः तुलनात्मक अनुशीलन एक अनूठा ग्रंथ है।डॉ अरुण को कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख हैं: पं. मदन मोहन मालवीय सम्मान, काव्य रत्न पुरस्कार, गीत रत्नाकर पुरस्कार, साहित्यश्री पुरस्कार और नाट्य रत्न पुरस्कार आदि शामिल है। डॉ अरुण के शोध कार्य के तहत रामकथा के आदि महाकवि महर्षि वाल्मीकि ने अपने विश्व महाकाव्य रामायण में रावण को प्रतिनायक के रूप में चित्रित किया है। इस तथ्य को दूसरे शब्दों में कहा जाए, तो महाकवि वाल्मीकि ने रावण में मूलतः राम के प्रतिरूप का ही चित्रण किया है। आदिकवि ने यदि राम के चरित्र में शील-शक्ति सौंदर्य की प्रतिष्ठा कराई है, तो रावण के चरित्र में भी इन्हें रक्खा है। रामायण के रचयिता आदिकवि वाल्मीकि ने पूर्णतः निरपेक्ष दृष्टि से नायक राम के प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रतिनायक रावण का सजीव एवं तार्किक चित्रण करते हुए उसे रामभक्त महाकवि तुलसी की भाँति एक पराजित व्यक्ति की तरह उपेक्षा और घृणा का पात्र नहीं बनाया, बल्कि दुर्घर्ष संघर्ष करने वाले वीर योद्धा का रूप दिया है। आदिकवि वाल्मीकि का रावण उद्भट वीर है, पराक्रमी योद्धा है और सर्वोपरि जिजीविषा का जीवंत रूप है। रामायण में राम-रावण का युद्ध सामान्य युद्ध नहीं है, प्रत्युत महायुद्ध है- महदयुद्धं तुमुलं रोम हर्षणम (6/110/16) रामायण के अनुसार, राम-रावण के महाभयंकर युद्ध में पृथ्वी पर महानाश अवतरित हो जाता है। राम और रावण के बीच होने वाला प्रलयंकर युद्ध रावण को राम के प्रबलतम प्रतिपक्षी के रूप में लाकर खड़ा कर देता है। वाल्मीकि कहते हैं- (6/110/24) यहाँ महाकवि ने अत्यंत भावमग्न होकर राम रावणयोर्युद्धं राम रावणयोरिव कहकर मात्र अनन्वय अलंकार का चमत्कार दिखाया हो, ऐसी बात कदापि नहीं, बल्कि महर्षि वाल्मीकि रावण को शक्ति संपन्नता की दृष्टि से राम के समकक्ष रखना चाहते हैं। यहाँ अपने मंतव्य के प्रमाण के रूप में मैं रावण की मृत्यु हो जाने के पश्चात विभीषण द्वारा कहलाए गए आदिकवि वाल्मीकि के सार्थक शब्द शस्तभृतांवर का उल्लेख कहना चाहूँगा, जिसके द्वारा कवि ने रावण को शौर्य एवं शक्ति का आगार बताया है। आदिकवि वाल्मीकि की इस निरपेक्ष कवि-दृष्टि की तुलना में भक्त कवि तुलसी दास ने राम के ब्रह्मत्व का सापेक्ष दृष्टिकोण लेकर राम के समक्ष रावण को पूर्णतः महत्वहीन पिद्दी-सा बना दिया है। सच यह है कि पूर्वाग्रह पूर्ण भक्त कवि तुलसी अनजाने ही रावण को महत्वहीन बनाते-बनाते राम को महत्वहीन बना बैठे हैं। वस्तुतः तुलसी राम के ब्रह्मत्व की महत्ता के समक्ष रावण को नगण्य चित्रित करके अपने युग को तो संभवतः ध्वनित कर गए, लेकिन आदि महाकवि वाल्मीकि की तुलना में उनकी रावणपरक दृष्टि सहज और संयत नहीं रह सकी। क्या अंगद का रावण की राज्यसभा में पाँव जमाना जैसे प्रसंग परोक्षतः राम को ही कहीं निर्बल नहीं बना जाते प्रथम श्रेणी का सिद्ध पहलवान क्या कभी निम्न श्रेणी के छोटे पहलवान से भिड़ेगा यदि भिड़कर जीत भी गया, तो दर्शकगण बेमेल कुश्ती कहकर हँसेंगे ही। यही स्थिति रामचरित्र मानस में राम-रावण युद्ध तक महाकवि तुलसी अनायास पैदा कर देते हैं।

# वैश्विक नक्शे से पाकिस्तान का नामों-निशां मिट जाएगा



संजीव ठाकुर

पहलगाम में 27 निर्दोष लोगों की हत्या और मासूम महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ने के फलस्वरुप भारत सरकार और भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर नौ आतंकवादियों के अड्डों और 21 ठिकानों पर जोरदार बमबारी कर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है और लाहौर, रावलपिंडी, इस्लामाबाद तथा अन्य हवाई ठिकानों को भी बम से उड़ा दिया गया है। पाकिस्तान इसके बावजूद लगातार भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में 400 से ज्यादा ड्रोन हमले कर चुका है जिसे भारतीय सेवा ने नाकाम कर दिया है यह बहुत अच्छी बात है कि इसमें भारत को बहुत कम नुकसान हुआ है भारतीय फौज की कार्रवाई से पाकिस्तान पूरा का पूरा उजड़ कर दहशत में आ गया है और वहां हड़कंप मचा हुआ हैह्व इसी दौरान इंटरनेशनल मोनीटरी फंड ने लगभग 2300 अरब डॉलर पाकिस्तान को धनराशि मुहैया कराई है अब देखना यह है कि पाकिस्तान उसे अपनी जनता को खाना खिलाएगा या पुरी की पूरी धनराशि युद्ध में झोंक देगाह्व अपुष्ट खबर यह है की सेना के जनरल असीम मुनीर और वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देश छोड़कर भागने की तैयारी में है और फौजियों का मनोबल गिर चुका है वहां के फाइटर पायलट भारत के विरुद्ध विमान उड़ाने से डर कर हाथ ऊपर खड़े कर चुके हैं। अब तो भारतीय फौज की कार्रवाई से यह तय हो गया है कि पाकिस्तान के 1971 की तर्ज में जब इंदिरा गांधी ने पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश का नाम देकर उसे स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिलवाया था अब भारत और भारत की सरकार और भारतीय सेना पाकिस्तान के चार टुकड़े करवाएगी तब जाकर पाकिस्तान की आत्मा को शांति मिलेगी अन्यथा वह आतंकवादियों का लगातार पालनहार बना रहेगा। न्यूज एजेंसियों के अनुसार बलूचिस्तान की लिबरेशन आर्मी ने पीओके के महत्वपूर्ण तीन चौथाई चौकिया पर अपना कब्जा जमा लिया है और वहां पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तानी फौजियों की जबरदस्त जंग जारी है। बलोची भी विद्रोह करने में आमादा हो गए हैं ऐसे में भारत सरकार को कुछ करने की आवश्यकता ही नहीं है बलूचिस्तान स्वयं अपनी लड़ाई लड़कर आजाद हो जाएगा। इसके अलावा पंजाब सिन्ध भी अलग होने की तैयारी में बैठे हुए हैं। इमरान खान के समर्थक उनको जेल से बाहर निकालने के लिए सड़कों पर रैलिया निकाल रहे हैं। पाकिस्तान के अंदरूनी हालात खुद बेहद खराब हो चुके हैं ऐसे में पाकिस्तान क्या खाक हिंदुस्तान की फौज का सामना कर सकेगा? अब उसकी बबार्दी तय है और उसके चार टुकड़े होने भी लगभग तय है। पाकिस्तान का नाम विश्व के नशे से हटने ही वाला है। स्वतंत्रता के बाद से ही पाकिस्तान भारत से बहुत पीछे और पीछे जाता चला गया।पाकिस्तान में जितनी भी सरकारें आई सब ने भारत का खुलकर विरोध किया और चीन के साथ मिलकर भारत के विरोध में आतंकी गतिविधियों को प्रश्रय देकर भुखमरी के गर्त में देश को डूबो दिया है।

कई मीडिया एजेंसियों पर इस संदर्भ में भारत से संबंधित किसी भी जानकारी प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल भारत के विरोध के मुद्दे को छोड़कर चीन ने पाकिस्तान का आर्थिक हालातो को सुधारने में कोई मदद करने का आश्वासन नहीं दिया है ।पाकिस्तान अभी भी जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को आर्थिक मदद कर घटनाओं का अंजाम देने में लगा है। ऐसे में वैश्विक नशे में पाकिस्तान के मानचित्र का विनष्ट होना निश्चित माना जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जमीयत उलेमा हिंद का सदस्यता अभियान शुरू रामपुर में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** जमीयत उलेमा जिला रामपुर की एक अहम बैठक गुरुवार को ईशा की नमाज के बाद काशाना ए वफाउर्रहमान जामई पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉक्टर असदुज्जफर रहमानी ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव मौलाना जहीरुल इस्लाम कासमी ने किया।

बैठक में जमीयत उलेमा हिंद के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। जिला सचिव मौलाना मुहम्मद फहीम कासमी ने कहा कि जमीयत एक मजहबी और सामाजिक तहरीक है, जो हर दौर में लोगों की सेवा करती आई है। आज इस संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है, जिसके लिए



ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाया जाना चाहिए। डॉक्टर असदुज्जफर रहमानी और मौलाना जहीरुल इस्लाम कासमी ने बैठक में कहा कि रामपुर जिले में कम से कम 50 हजार लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में हाल ही में दुनिया से रुखसत होने वाले बुजुर्ग आलिम ए दीन मौलाना गुलाम मुहम्मद वस्तानवी, मौलाना मुहम्मद आकिल, अल्लामा यामीन और मुफ्ती शमीमुर्रहमान अहमद (अध्यक्ष, जमीयत उलेमा शाहबाद) को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए शोक व्यक्त किया गया। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर खुशी जताते हुए भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना की गई।

इस मौके पर मौलाना लियाकत अली, मौलाना मोहम्मद जलीस अहमद, मौलाना इरफान, मौलाना सादिक अली, अब्दुल वाजिद कुतुब, नवेदुज्जफर रहमानी, मास्टर मोहम्मद रेहान, कारी रियाज अली, हाजी अब्दुल रशीद, कारी मुहम्मद लुकमान और अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में परिषदीय परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा 10 और 12 की छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैरियर गाइडेंस की वृहद एवं विस्तृत जानकारी हेतु गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों की काउंसलिंग कृषि क्षेत्र, सर्विस सेक्टर, मेडिकल एवं पैरामेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, शोध कार्य सरकारी सेवाओं में जाने हेतु आयोजित परीक्षाएं, उवएळ, कौशल पर आधारित क्षेत्र एवं अन्य संभावनाओं के विषय में की गई। विस्तृत चर्चा परिचर्चा द्वारा छात्राओं की शंकाओं




का समाधान किया गया। विशेषज्ञ वक्ता डॉक्टर रचना, श्री ओ एन मिश्रा, श्री अभिषेक, श्री अजीत त्रिपाठी, श्री मौलेंदु ने अपने विचार व्यक्त किये। स्मार्ट बोर्ड पर शासन एवं विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रही निःशुल्क एप जिस पर पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध है, बच्चों को दिखाई गई तथा रजिस्ट्रेशन का तरीका बताया गया। प्रधानाचार्या डॉ. सबीहा मुमताज ने कक्षा 10 की टॉपर रोशनी 93% तथा कक्षा 12 की टॉपर नाजिश उमर 81% को विशेष पुरस्कार दिया गया तथा अन्य डिस्टिंक्शन प्राप्त छात्राओं को पुस्तक मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले 3 अरेस्टः प्रेम विवाह से जुड़ा हत्याकांड सुलझा



वेलकम इंडिया

लखीमपुर खीरी में कोतवाली सदर पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले को 48 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया है, जबकि एक अभी फरार है। मामला प्रेम विवाह से जुड़ा है। मृतक विशाल गुप्ता ने आरोपी आर्यन की मौसी की नन्द राधा से प्रेम विवाह किया था। कुछ समय पहले आर्यन भारती के पोल्ट्री फार्म में आग लग गई थी। इस घटना को लेकर विशाल गुप्ता आर्यन का मजाक उड़ाता था। इसी रंजिश में आर्यन भारती ने अपने तीन साथियों -हरिओम गुप्ता उर्फ रवि, अजय गौतम उर्फ छोटू और अमन यादव के साथ मिलकर योजना बनाई। आरोपियों ने रात करीब 10 बजे निर्मल नगर मोहल्ले में हेतराम धानू के घर के सामने विशाल गुप्ता पर 315 बोर के तमंचे से दो गोलियां चलाईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैधरी तिराहे के पास बाईपास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में आर्यन भारती (21), हरिओम गुप्ता (19) और अजय गौतम (22) शामिल हैं। चौथा आरोपी अमन यादव फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों से एक तमंचा 315 बोर और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। हरिओम गुप्ता के पास से तमंचा और एक खोखा कारतूस, जबकि अजय गौतम के पास से एक खोखा कारतूस मिला है।

## थाना समाधान दिवस में अधिकारी नदारदः खाली पड़ी रहीं कुर्सियां, इंतजार में परेशान हुए फरियादी



बुलंदशहर स्याना कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में अधिकारियों की अनुपस्थिति से फरियादी परेशान हुए। फरियादी लंबे समय तक अधिकारियों का इंतजार करते रहे। एक भी फरियादी ने खाली कुर्सियों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर दिए। थाना समाधान दिवस सरकार की प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। कोतवाली परिसर में अधिकारियों की गैरमौजूदगी से उनकी कुर्सियां खाली रहीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और फोटो से पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठ रहे हैं।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पी0डी0गौतम जिलाध्यक्ष, गिर्राज सारस्वत महामंत्री

वेलकम इंडिया

- परिषद के अधीन सभी घटकों के पदाधिकारियों ने अधिवेशन एवं निर्वाचन में प्रतिभाग किया।

**मथुरा।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जनपदीय अधिवेशन एवं निर्वाचन का कार्यक्रम स्थानीय होटल में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इफ़्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय वीपी मिश्रा ₹बाबूजी₹ रहे। परिषद के अधीन सभी घटकों के पदाधिकारियों ने अधिवेशन एवं निर्वाचन में प्रतिभाग किया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश रावत व प्रांतीय महामंत्री अतुल मिश्रा के अनुमोदनोपरांत निर्वाचन अधिकारी डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय संघटन मंत्री रविन्द्र सिंह राणा ने परिषद की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे डॉ0पी0डी0गौतम जिला अध्यक्ष, हरीश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ0गिर्राज सारस्वत जिला महामंत्री, प्रमोद गौतम संगठन मंत्री, पी0के0गौतम संयुक्त मंत्री, कमलेश राजपूत संप्रेक्षक घोषित किए गए। वही राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ0 पी0डी0 गौतम ने बताया कि परिषद के अधीन सभी घटकों के पदाधिकारियों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरी निष्ठा के साथ निभाया जायेगा। जनपद में किसी भी कर्मचारी का किसी भी स्तर पर शोषण या उनको परेशान नही होने दिया जायेगा, जिसके लिए उनको जो भी संघर्ष करना पड़ेगा उसके लिए संघर्षरत रहेंगे।



## रूखी में बंदरों के हमले से महिला की मौत



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** शनिवार को चौकी क्षेत्र के गांव रूखी निवासी राहुल गिरि की पत्नी सविता गिरि की बंदरों के हमले से छत से गिरकर मौत हों गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार चौकी बुगरासी के गांव रूखी निवासी राहुल गिरि की पत्नी सविता गिर किसी काम से छत पर गई थी। छत पर पहुंचते ही पहले से बैठ बंदरों के एक झुंड ने हमला कर दिया। जैसे ही बंदरों से बचने को भागी तो छत से नीचे गिर गई। गिरते ही सविता गिरि की मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान से अतुल जिंदल ने की मुलाकात

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के प्रधान महासचिव राजीव मोहन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा की संस्तुति पर लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) में अतुल कुमार जिंदल को उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। जिसके बाद अतुल कुमार जिंदल ने नई दिल्ली में खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री एवं लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से मुलाकात कर हर्ष जताता। मुलाकात के दौरान पार्टी के प्रधान महासचिव राजीव गोयल और प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल जिंदल ने जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेषित ज्ञापन द्वारा देश के पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने और उनके हितों को सुरक्षित करने की मांग की। मांग पत्र में अभिव्यक्ति



की स्वतंत्रता, पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, 20 लाख का बीमा, सरकारी आवासीय कॉलोनी, फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच, जिला स्तरीय समिति द्वारा कार्रवाई से पहले सुनवाई और भारतीय रेलवे में विशिष्ट कोटा जैसी मांगें शामिल थीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पत्रकारों की समस्याओं को संसद में उठाने का आश्वासन दिया। पार्टी को उत्तर प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए पार्टी की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई।

# भूतपूर्व सैनिक का बीमारी के चलते हुआ निधन गांव में शोक की लहर





वेलकम इंडिया

बुलंदशहर अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद के रहने वाले भूतपूर्व सैनिक हवलदार गिरेंद्र सिंह का बीमारी के चलते हुए अस्पताल में हुआ निधन। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूतपूर्व सैनिक गिरेंद्र सिंह उम्र करीब 50 वर्ष फौजी 3 साल से किसी बीमारी से ग्रस्त थे जिनका इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो गया निधन की खबर से परिवारजनों में शोक की लहर दौड़ गई। भूतपूर्व सैनिक के अंतिम संस्कार में सम्मानित क्षेत्रीय भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए भूतपूर्व सैनिक के अंतिम संस्कार में भूतपूर्व सैनिकों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमः आंखों से दी अंतिम विदाई इस मौके पर सूबेदार सुरेंद्र सिंह तेजवीर सिंह फौजी बृजपाल सिंह फौजी आदेश कुमार फौजी अशोक कुमार फौजी राजपाल सिंह फौजी वीरेंद्र सिंह फौजी रंजीत सिंह फौजी अमित फौजी महेंद्र सिंह फौजी अनिल कुमार फौजी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण व भूतपूर्व सैनिक अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए।

# क्षेत्रीय लोक कला विधाओं के उत्थान के लिए सरकार चला रही कार्यशाला

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश लोक एव जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रांत के जिलों में लोक विद्या सृजन कार्यशाला चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय लोक विधाये जो विलुप्ति के कगार पर हैं उन विधाओं को बचाने के लिए यह सर्जन कार्यशाला चलाई जा रही है। इसी क्रम में रसिया, ब्रजलोक गायन आदि की कार्यशाला मथुरा के माँ रेशम देवी भगबान दास आदर्श सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में निःशुल्क लोक गायन रसियाओं की कार्यशाला आयोजित की गयी है। जिसमे प्रशिक्षक अरुण रावल आकाशवाणी कलाकार और उनके सहयोगियों द्वारा बच्चों को ब्रज के लोकगीत रसिया आदि विधाओं की



शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया यह कार्यशाला 6 मई से 15 मई तक निःशुल्क चलाई जाएगी। प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने बताया की मुझको बड़ा अच्छा लगा हे की हमारे स्कूल के बच्चे बच्चिया अपने धर्म को अपनी संस्कृति को अपने क्षेत्र की विधाओं को पहचानेगे समझेंगे इसी प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे देश का युवा अपनी धर्म व अपनी संस्कृति नहीं भटकेगा। बच्चों ने भी कार्यशाला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने प्रशिक्षकों के साथ में गायन वादन सीखते हुए नजर आए। छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्हें इस कार्यशाला में बहुत ही आनंद आ रहा है और इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय में होते रहने चाहिए जिससे हमें अपनी प्राचीन कला और संस्कृति को पहचानने का अवसर मिलेगा और साथ ही उसे आगे बढ़ाने का भी मौका मिलेगा।

# पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही समय

वेलकम इंडिया



रामवीर सिंह तोमर

**मथुरा।** 22 अप्रैल को पहलगाम में पाक पोषित आतंकियों ने हमारे 26 निर्दोष पर्यटकों को मार दिया था। यह पाक समर्थित नरसंहार था। उग्रवाद और घुसपैठ के साथ गुप्त युद्ध का उपयोग करके भुट्टो के ₹हजार साल के युद्ध₹ को 'हजारों घावों से भारत को लहूलुहान करने' के सिद्धांत के मुताबिक था। उसके बाद पूरे देश में जबरजस्त प्रतिक्रिया हुई। पाकिस्तान से बदले की मांग होने लगी। दुनियाभर के देशों ने इस हमले की कड़ी निंदा की। भारत को आतंकी हमले के 14 दिन बाद भारत ने आतंक के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में बड़ी कार्रवाई करनी पड़ी जो अभी भी जारी है। भारतीय सेना ने एक ऐसा हमला किया जिसे ₹क्लासिक पनिशमेंट स्ट्राइकर₹ कहना ज्यादा ठीक रहेगा। भारत ने किसी आम नागरिक या सेना के ठिकाने को नहीं छुआ। हमने उनकी हवाई सीमा, जमीनी सीमा या समुद्री सीमा का उल्लंघन नहीं किया। हमने सिर्फ उन जगहों पर हमला किया जहां से आतंकवाद फैलता है। हमने यह साफ कर दिया कि हम चाहते हैं कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आए। यह हमला लड़ाई को बढ़ाने के लिए नहीं है, बल्कि आतंकीयों और उनके आकाओं को सबक सिखाने के लिए है। भारत की तरफ से अभी तक ऐसा कोई भी नया कदम नहीं उठाया गया है, जो ऑपरेशन सिंदूर में तय नहीं किया गया था. साफ तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के भीतर बने हुए आतकंवादी ठिकानों को तबाह किया जाना मकसद था, अब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात तो हैं, लेकिन जंग अभी शुरू नहीं हुई है. हां, पाकिस्तान की तरफ से कोशिश ऐसी ही, लेकिन भारत का फोकस अभी तक महज माकूल जवाब देने पर ही फोकस है। हमारा लक्ष्य आतकंवादी ठिकानों को तबाह किया जाना मकसद था, और अब भी हम उसी रास्ते पर हैं। हालात कितने भी गंभीर क्यों न हों, हम अब भी जंग से परहेज कर रहे हैं। पाकिस्तान की तरफ से उकसावे की लगातार कोशिश के बावजूद हमारे सैन्य बल हर कदम पर संयम दिखा रहे हैं- क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ है, और अब भी फोकस सिर्फ जवाबी कार्रवाई पर ही है। भारत ने साफ कर दिया है कि कि अगर उन्होंने अपनी हरकतें नहीं बदलीं, तो हम फिर से हमला करेंगे, और भी जोरदार तरीके से। लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और भारत में सिवियंस और सैनिक प्रतिष्ठानों को टारगेट कर रहा है।

वह लगातार सीमा से लगे इलाकों में भारी फायरिंग, ड्रोन और मिसाइलों से हमले कर रहा है, जिसे भारतीय सेना नाकाम कर रही हैं। अपनी हर कोशिश नाकाम होता देख पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इसीलिए भारत ने भी पाकिस्तान को फाइनल अल्टीमेटम दे दिया है कि अब किसी भी आतंकी हमले को भारत युद्ध मानेगा और कड़ा सबक सिखाया जाएगा, पाकिस्तान जिस तरीके की भाषा समझेगा उसे उसी तरह समझाया जाएगा। पाकिस्तान एक बार फिर याद कर ले भारत ने पाकिस्तान के साथ हर युद्ध जीता है। 1965 के युद्ध भारतीय सेना ने पाक के गुरूर को लाहौर में हुक्का गुड़गड़ाकर चकनाचूर किया था, 1971 में पाकिस्कन के दो टुकड़े किए और एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों को सरेंडर कराके कैद कर लिया गया। 1999 कारगिल युद्ध में बुरी तरह परास्त किया था। आज पाकिस्तान की हालात इतने खराब हैं कि बलूचिस्तानी अलग होने के लिए लड़ रहे हैं।

# महिलाओं, बालिकाओं और बेटियों को सुरक्षा प्रदान करना ही आप्रेशन जाग्रति का मुख्य उद्देश्य है : पुलिस

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस**। महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्लऑपरेशन जागृतिह्व फेज-04 के क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम, महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं, बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु जागरुक किया गया । पुलिस ने महिलाओ-बालिकाओ के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया के तहत विधिक प्रावधान तथा विषम परिस्थितियो में सहायता प्राप्त किये जाने के लिये महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही महिलाओं-बालिकाओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाऐ-एप्लीकेशन आदि के बारे में जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया । महिलाओं-बालिकाओं को बताया गया कि आस पड़ोस में या स्वंय के साथ होने वाले अपराध या अपराध की संभावना होने पर संकोच किये बिना निडर होकर अपनी बात पुलिस तक पहुंचाए । पुलिस ने बताया कि युवाओं के बीच नशा करने की आदत एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है । नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू बीडी, सिगरेट, चरस, स्मैक, कोकीन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थों-दवाओं का उपयोग किया जा रहा है । इन नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्तियों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुँचने के साथ सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है ।

# विकास कार्यों की अनदेखी से आहत सभासद ने त्यागपत्र की दी चेतावनी

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर**। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 20 के सभासद हाजी मोहम्मद हारून ने नगर की बदहाल स्थिति और पालिका अध्यक्ष की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में आवश्यकतानुसार विकास कार्य नहीं हो रहे हैं और पालिका में पारदर्शिता व ईमानदारी का घोर अभाव है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो वे अपने पद से त्यागपत्र देने के लिए विवश होंगे।

सभासद हाजी हारून ने कहा कि नगर की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ साहिबा सरफराज को पालिका अध्यक्ष चुना था, ताकि नगर का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। लेकिन जनता की वह उम्मीदें अब टूटती नजर आ रही हैं। विकास कार्य ठप पड़े हैं और निरंतर भ्रष्टाचार व घोटालों की सूचनाएं सामने आ रही हैं, जिससे पूरा पालिका बोर्ड संदेह के घेरे में आ गया है। उन्होंने कहा एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं इस स्थिति से अत्यंत दुखी और चिंतित हूँ।

मैं किसी भी हालत में भ्रष्टाचार और जनहित की अनदेखी का हिस्सा नहीं बन सकता। सभासद हारून ने पालिका अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें,नियमित रूप से कार्यालय में बैठें, और सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी से संपन्न करें।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि अध्यक्ष द्वारा तत्काल सुधार नहीं किया गया, तो वह त्यागपत्र देने को बाध्य होंगे।

## दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर**। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना दुधारा उ0नि0 अभय कुमार पाण्डेय, हे0का0 जय कन्नौजिया ने वारण्टी अनिरुद्ध पुत्र नाथूराम यादव निवासी अहिरौली थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## पीआरवी 5998 द्वारा मार्ग दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर**। पीआरवी 5998 को थाना महुली क्षेत्रांतर्गत चन्द्रौटी से कालर द्वारा दो बाईकों के आमने–सामने से आपस में टक्कर होने के कारण दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों ( 1.पिन्टू पुत्र बोधनराम ग्राम एकमा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती 2.शेषनाथ पुत्र राधेश्याम जनपद बस्ती ) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों मु0आ0 गोरखनाथ यादव, आरक्षी पंकज यादव, हो0चा0 रामवीर चौधरी द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को ईलाज हेतु 108 एम्बुलेंस की सहाता से सीएचसी नाथनगर भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना महुली को अवगत कराया गया ।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 198 वाहनों से 2,20,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संत कबीर नगर**। शनिवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 198 वाहनों से 2,20,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

# नगर आयुक्त ने बरेली नगर के विभिन्न क्षेत्रो में साफ सफाई और निर्माण का लिया जायजा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली**। शनिवार को नगर आयुक्त द्वारा बरेली नगर के विभिन्न क्षेत्रो सेटेलाइट, पीलीभीत रोड, छोटी विहार, आजम नगर गौटिया, ईट पजाया चौराहा, वार्ड 60 बाग अहमद आदि में सफाई व्यवस्था, नाला सफाई कार्य एवं प्रगतिधीन निर्माण कार्यों का निरिक्षण किया गया। नाला सफाई कार्य में तैनात समस्त कार्मिको की सुरक्षा के द्दष्टिगत कार्मिको द्वारा बूट एवं यूनिफार्म पहनकर सफाई करने के निर्देश दिए गए। नाला सफाई के दौरान निकाली जा रही सिल्ट को उसी दिन हटाने के निर्देश दिए गए। छोटी विहार एवं चिक्कर स्कूल के आस पास के क्षेत्रो में काफी गंदगी व्याप्त होने पर सम्बंधित सफाई निरिक्षक एवं सफाई नायको को कार्यवाही के लिए चेतावनित कर 03 दिवसो में उक्त क्षेत्रो में सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। आजम नगर गौटिया में निरिक्षण के दौरान नये कब्रिस्तान के पास दो गलियों के मार्ग के लेविल में काफी अंतर होने पर निचले मार्ग को उठाने एवं अन्य गली में नाली निर्माण के लिए सम्बंधित अवर अभियंता को आगणन तैयार करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा पीलीभीत बाईपास रोड पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने एवं अवैध तरीके से सडक पटरी पर लगाए गए। रेता, बजरी, गिट्टी, ईंट आदि की जब्तीकरण की कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# महाराणा प्रताप आज के युवाओं के आदर्श -सारांश



**वेलकम इंडिया**

**जहाँगीराबाद**/ग्राम टिटोटा मैं महाराणा प्रताप की 44 वी जयंती पर विचार गोष्ठी और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सारांश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस मौके पर भाजपा युवा नेता सारांश मिश्रा ने कहा कि महाराणा प्रताप देशभक्ति के व आज के युवाओं के आदर्श थे उन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन बलिदान कर दिया गोष्टी से पूर्व पूरे गांव में महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली गई कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मुनेंद्र राघव ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष इसी तरीके से चलता रहेगा कार्यक्रम में दीपक राघव ,प्रदीप राघव ,सनी राघव ,मनीष राघव ,सहदेव राघव, अशोक ठेकेदार और सुशील राघव की मुख्य उपस्थिति रही।

# पत्नी को मायके से बुलाकर लाया, फिर लगाई आग, चरित्र पर शक में पति ने किया जानलेवा हमला

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली**। एक महिला पर उसके ही पति ने चरित्रहीन होने का आरोप लगाकर न केवल बेरहमी से उसे पीटा, बल्कि उसे जिन्दा जलाने की कोशिश भी की। यह दिल दहला देने वाली घटना बरेली के शीशगढ़ थाना क्षेत्र की है, वहां रहने वाले एक युवक ने अपनी पत्नी के कपड़ों में आग लगा दी। प्राप्त तहरीर के अनुसार, पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी को 15 वर्ष हो चुके हैं और उसका कोई बच्चा नहीं है।

पति शराब का आदी है और वर्षों से उस पर चरित्र को लेकर शक करता रहा है। आए दिन मारपीट होती थी। उसके देवरों देवरानी भी उसे चरित्र को लेकर भड़काते थे। महिला ने आरोप लगाया कि 27 मार्च 2025 को जब पति मायके से उसे लिवाकर लाया, तो रात 11 बजे शराब के नशे में धुत होकर उस पर आरोप लगाते हुए जमकर मारा पीटा। बात यहीं नहीं रुकी, उसने दुपट्टे से गला घोंटने की कोशिश की और फिर कपड़ों में आग लगा दी। किसी तरह चीखते हुए वह बाहर भागी और गले से दुपट्टा हटाकर जान बचाई। पूरी रात वह गांव के बाहर छिपकर बिताने को मजबूर रही। सुबह गांव के ही एक व्यक्ति से फोन करवाकर अपने पिता को बुलाया और पुलिस के पास पहुँची, लेकिन न तो कोई रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही मेडिकल परीक्षण हुआ।

# इस्लामिया कॉलेज में हुआ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यक्रम आयोजित



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली**। एफ आर इस्लामिया इंटर कॉलेज में शनिवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी ने कहा कि मौजूदा वक़्त में आर्टिफिशल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल व्यवसाय और रोजमर्रा की जिंदगी दोनों में आम हो गया है। लोग अपने जीवन को आसान बनाने के लिए हर दिन एआई का उपयोग कर रहे हैं। कंपनियाँ अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने, लाभ और हानि का अनुमान लगाने और रखरखाव का अनुमान लगाने के लिए इसका उपयोग करती हैं। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता फरहान अहमद ने छात्रों को एआई के फायदे और नुकसान बताए। काम को सुव्यवस्थित करना, समय की बचत करना, पक्षपात को खत्म करना और दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करना इसके फायदे हैं। इसे लागू करना, संभावित नौकरी का नुकसान, भावना और रचनात्मकता की कमी इसके नुकसान हैं। सभी व्यवसायों को अपने मॉडल में इसे अपनाने की बहुत जरूरत है, नहीं तो पीछे छूट जाने का जोखिम है। इसे लागू करने से व्यवसाय का परिणाम तेजी और अधिक सटीकता के साथ प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। साथ ही मनुष्यों के लिए जोखिम भी कम हो जाता है। खास तौर पर इसमें विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए मजेदार और सार्थक तरीके से जुड़ने में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। कार्यक्रम में मोहम्मद समीर, देव कुमार, मोहम्मद काशान सहित सभी छात्र उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने मचाया धमाल, महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़** । गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को 'फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचा दिया। इस रंगारंग आयोजन में बीए, बीएससी व बी-काम की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी कर चुकी अपने सीनियर्स को विदाई दी ।इस दौरान छात्राओं ने गीत, नृत्य, नाटक व फैशन शो का जलवा बिखेर सभी का मनमोह लिया ।मान्या पांडेय व रेशमा विश्वकर्मा मिस फेयरवेल बनाई गई ।इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम द्वारा मिस फेयरवेल समेत अन्य प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम का संचालन प्रचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय व डायरेक्टर अपर्णा विश्वकर्मा द्वारा किया गया ।इस अवसर पर सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', मुकेश यादव, डॉ. संगीता सिंह, डिम्पल पांडेय, डॉ. विजय सिंह, स्नेहा मिश्रा, अमृता सिंह, रामजी यादव, राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

# ब्रह्मलीन पूज्या माता आनन्द सरस्वती महाराज का द्विदिवसीय तृतीय पुण्य तिथि महोत्सव 15 व 16 मई को




**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**

**वृन्दावन**। हरिवंश नगर स्थित आनन्द भवन आश्रम में मां आनन्द सरस्वती सेवा संस्थान के द्वारा ब्रह्मलीन पूज्या माता आनन्द सरस्वती महाराज का द्विदिवसीय तृतीय पुण्य तिथि महोत्सव दिनांक 15 से 16 मई 2025 पर्यन्त निर्मल पीठाधीश्वर श्रीमहंत ज्ञान देव सिंह महाराज के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारभ 15 मई को प्रातः 06 बजे अखंड रामायण के साथ होगा। 16 मई को प्रातः 09 बजे भक्तों-श्रृद्धालुओं के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य गुरु पूजन होगा। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे हवन की पूणार्हुति होगी। इसके अलावा 11:30 बजे संत, महंत एवं ब्राह्मण भोजन प्रसादी आदि के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। आश्रम के महंत स्वामी बृजानन्द सरस्वती महाराज ने सभी से इस महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

# विद्यार्थियों को नवीनतम प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के सम्बन्ध में ज्ञान प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर/बुलंदशहर**/शनिवार को श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर में इंस्टीटयूशनल इन्नोवेशनल सैल( आई0आई0सी0 ) द्वारा विद्यार्थियों को नवीनतम प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के सम्बन्ध में ज्ञान प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया जिसका विषय ह्लह्लविज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिये भारतीय युवाओं को सशक्त बनानाह्लह्ल रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार, आई0आई0सी0 संयोजक डा0 कुष्मेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह मनीष कुमार मनोज कुमार, सुश्री अंजली शर्मा, सुश्री सलोनी भटनागर तथा अन्य संकाय सदस्यों द्वारा मॉ शारदे के समक्ष दीप-प्रज्जवलित कर की गयी। प्राचार्य ने नवाचार और प्रौद्योगिकी में हमारे देश की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी तथा इस सम्बन्ध में उपस्थित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का निवारण भी किया। कार्यक्रम के संयोजक बी0कॉम विभाग के सहायक प्राध्यापक आकाश चौहान रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ तथा विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में लगभग 185 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिये एन0एस0पी0सी0 द्वारा प्रायोजित त्रैमासिक डाटा साइंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त कार्यक्रम में अपना पंजीकरण भी कराया।



# श्रींम सेवा समिति द्वारा डॉ० संदीप के मुख्य आतिथ्य में मरीजों व तीमारदारों को फल वितरण

वेलकम इंडिया




**झाँसी।** प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अपने विवेक, क्षमता और सामर्थ्य अनुसार अपने-अपने पथ पर चलते हैं यदि कोई आपका पथ का अनुसरण कर रहा हो तो निश्चित रूप से मान लीजिए आप सही पथ पर गमन कर रहे हैं। बुंदेलखंड में कई समाजसेवी हुए जिन्होंने सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए लोगों के उत्थान हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो नाम मात्र व दिखावे की समाजसेवा कर अपना नाम चमकाने और समाजसेवी की पदवी की आड़ लेकर अपने गोरख धंधे चलाने का प्रयास करते रहते हैं। लेकिन बुंदेलखंड में संघर्ष सेवा समिति ने वह कर दिखाया जो अप्रत्याशित था, लंबे समय से बिना किसी अन्य से आर्थिक सहायता लिए भेदभाव से परे और निस्वार्थ रूप से सहायता करते हुए समिति के संस्थापक डॉ० संदीप ने लोगों के समक्ष एक अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया है, डॉ संदीप के कार्यों को देखते हुए अब कई लोग समाज सेवा के क्षेत्र में जुड़ने लगे हैं। डॉ संदीप के पथ पर गमन करते हुए सीपरी बाजार निवासी अनीता सिंह ने श्रींम सेवा समिति का बीजारोपण किया जो समाज सेवा के क्षेत्र में धरातल स्तर पर कार्य कर रही है। श्रींम सेवा समिति के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय में 150 से अधिक मरीजों एवं तीमारदारों को फलों का वितरण किया गया। डॉ संदीप को समाजसेवा का आदर्श मानते हुए अनीता सिंह ने उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर फलों का वितरण कराया। इस अवसर पर अनीता सिंह ने कहा झांसी जनपद और आसपास के क्षेत्र में संघर्ष सेवा समिति ने अपने कार्यों की दम पर अपना नाम रोशन किया है। आज कहीं भी समाजसेवा के संबंध में चर्चा होती है तो संघर्ष सेवा समिति और डॉक्टर संदीप का नाम सबसे पहले लिया जाता है। मैं काफी समय से संघर्ष सेवा समिति से जुड़ी हुई हूं मैंने समिति के कार्यों से प्रेरित होकर अपनी क्षमतानुसार लोगों की सहायता करने का प्रण लिया है। आज हमने यह छोटा सा प्रयास किया है निश्चित रूप से हमारा संगठन आगे भी असहाय और पीड़ितों की सहायता के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर अवधेश कुमारी, डॉ डी.एस. गुप्ता, रानी सिंह, रजनी सेठी, प्रेमलता, कवेरी, मीना मसीह, सुधा गुप्ता, सुमन वर्मा, कुसुम साहू, रमेश चौहान, नेहा चौबे, अरुण पांचाल, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, दीक्षा साहू, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, हनी शिरोरिया, कीर्ति गुप्ता, निर्मला परिहार, अनिता कुशवाहा, रुक्मणी परिहार, रजनी ठाकुर, पूजा उपाध्याय, चित्रा परिहार, मनीष ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# पति - पत्नि के टूट रहे प्यार के रिश्तों को मजबूती दे रही महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** यूपी पुलिस अपराधियों का तो खात्मा करती है लेकिन जब बात रिश्तों की आती है तो यूपी पुलिस यहां भी सच्ची हितैषी बन रिश्तों की डोर को टूटने से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करती नजर आती है। पति-पत्नी का रिश्ता ऐसे अटूट रिश्ता है, जिसकी मजबूती ही परिवार की सबसे मजबूत नींव है। अगर परिवार में पति-पत्नी का रिश्ता टूटता है तो इससे पूरा परिवार बिखर जाता है। महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा पति-पत्नी के बीच टूट रहे रिश्तों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं। उन्हें इस कार्य में सफलता भी मिल रही है। वह लगातार दंपतियों के बीच के विवाद को सुलझाकर उन्हें एक साथ जीवन बिताने का अवसर दे रही है। रजनी वर्मा के प्रयासों से इन परिवारों में खुशियों का माहौल बना है। शनिवार को भी दो परिवारों के बीच का विवाद इस कदर बढ़ गया था कि सुलह की कोई गुंजाइश नहीं दिख रही थी। लेकिन महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा और उनकी टीम ने धैर्यपूर्वक समझदारी से काम लेते हुए दो परिवार के दिलों को फिर से जोड़ दिया। यह उनकी कुशलता और मानवता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# राजपूतों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया अनावरण



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर महाराणा प्रताप चौक खुर्जा में महान देशभक्त पराक्रमी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।

आपको बता दें कि खुर्जा नगर स्थित अलीगढ़ चुंगी के निकट महाराणा प्रताप चौक पर महान देशभक्त, पराक्रमी, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर समस्त राजपूत समाज द्वारा नवनिर्मित महाराणा प्रताप चौक एवं महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के लोकार्पण समारोह के अवसर पर हवन के बाद उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया! महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में समस्त सम्मानित राजपूत व भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल हुए! समस्त सम्मानित राजपूतों ने कहा कि महाराजा प्रताप की भव्य प्रतिमा के अनावरण के पावन अवसर पर शामिल होना हमारे लिए गर्व और गौरव का क्षण है ! और कहा कि यह राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान और स्वाभिमान की अमिट प्रतिमा है। यह आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगी कि जब मातृभूमि संकट में हो, तो एक प्रताप खड़ा होता है न झुकता है, न रुकता है। जिसके बाद समस्त सम्मानित राजपूतों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया व सभी सम्मानित क्षेत्र वासियों को महाराणा प्रताप जयंती की शुभकामनाएं दीं!

# जनपद में 12 मई को पुलिस लाइन से निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा-एडीएम

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**दिनांक 10 मई 2025 प्रतापगढ़।** जनपद में तिरंगा यात्रा निकालने के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय सेनाओं के सम्मान में दिनांक 12 मई को प्रातः 8.30 बजे से जनपद के पुलिस लाइन परिसर से बैण्ड बाजे के साथ ह्यह्यतिरंगा यात्राहृहृ निकाली जायेगी जिसमें जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण, एनसीसी, विद्यालय के छात्र-छात्रायें, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, प्रधान, व्यापार मण्डल, होमगार्ड, मेडिकल कालेज के अध्ययनरत छात्र-छात्रायें, जनपद के सम्भ्रान्त नागरिक आदि सम्मिलित होगें। यह तिरंगा यात्रा 1 किलोमीटर की लम्बी रैली होगी जिसमें विभिन्न वर्ग के लोग सम्मिलित होगें। उन्होने बताया कि यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से निकलकर चौक घंटाघर, भंगवा चुंगी, बलीपुर, ट्रेजरी चौराहा होते हुये वापस पुलिस लाइन में आकर समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन हेतु अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोग तिरंगा यात्रा में अपनी प्रतिभागिता कर देश के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ सिटी शिव नारायण वैश, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, जीजीआईसी के उप प्रधानाचार्य डा0 मो0 अनीस, जिला बार/जूनियर बार/वकील परिषद के महामंत्री, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य को महाराणा प्रताप की तस्वीर की भेंट



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर :** विकास खंड ऊंचा गांव क्षेत्र के गांव अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य को महाराणा प्रताप की तस्वीर की गई भेंट विवेकानन्द इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रबन्धक इन्द्रजीत सिंह राणा ने प्रधानाचार्य को तस्वीर की भेंट इंद्रजीत सिंह राणा ने बताया की महाराणा प्रताप वीरता साहस त्याग, बलिदान और दृढ़ता के प्रतीक माने जाते अगर हम अपनी जिंदगी में किसी लक्ष्य को पाने के लिए अपना एक संकल्प बना लें वह निश्चित ही पूरा होगा उसके लिए हमें थोड़ी सी परेशानियों का सामना तो करना पड़ेगा महाराणा प्रताप के राज्य पर मुगलों ने जब कब्जा किया तो महाराणा प्रताप ने जंगलों में रहकर फौज तैयार की और मुगलों से लोहा लिया। जंगलों में महाराणा प्रताप ने घास फूंस की रोटियां खाकर गुजारा किया। लेकिन कभी हार नहीं मानी और मुगलों से टक्कर ली। महाराणा प्रताप जैसे वीरों से हमें अपने देश के लिए सबकुछ कुर्बान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि देश सबसे पहले है। उनकी नीतियां व शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रही है महाराणा प्रताप के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें देश की एकता व अखंडता के लिये कार्य करना चाहिए। हमारे वीर योद्धा आज की युवा पीढ़ी के मार्गदर्शक है। जिनसे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

# पियूष वाल्मीकि सपा छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनित, सपा आलाकमान का जताया आभार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार



(हापुड़) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति एवं समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के द्वारा पियुष वाल्मीकि को समाजवादी छात्र सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद से कार्यकताओं द्वारा बधाई दी जा रही है। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पियूष वाल्मीकि ने शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि मेरे को इतनी महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी देकर पुरे प्रदेश के वाल्मीकि समाज का सम्मान बढ़ाया है, मैं पुरी ईमानदारी से इस ज़िम्मेदारी को निभाते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को समाज के छात्र एवं नौजवानों तक पहुँचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान कर पश्चिम उत्तर प्रदेश के ज़िलों की सभी विधानसभाओं में बूथ स्तर तक पहुँच कर प्रत्येक बूथ पर दस यूथ के तहत तैयारी कर 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे।स्वागत एवं शुभकामनाएँ देने वालों में समाजवादी छात्र सभा के ज़िलाध्यक्ष रवींद्र यादव, रोहित पारचा, कुनाल वाल्मीकि, रिक्की ढिलोर,मोहित खटीक, अवधेश त्यागी,माधव शर्मा,मुन्तहिर सलमानी, मोहित जाटव,रमन जाटव, इनाम चौधरी,सोनू अरोड़ा,साबिर कस्सार आदि शामिल रहे।

# छतारी बिजली घर में दो संविदा लाइनमैन का शराब पीते हुए का विडियो वायरल अधिकारी चुप

वेलकम इंडिया



**बुलन्दशहर.** डिबाई डिवीजन उपकेन्द्र उतारी बिजली घर में कुछ बिजली कर्मियों का शराब पीने का वीडियो वायरल होने के बाद ऊर्जा निगम में हड़कम्प मच गया इस घटना के बाद एसडीओ, की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया गया जिसने मामले की गहन जांच की जा रही है एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग बिजली घर के अन्दर शराब पीते हुए नजर आ रहे हैं यह वीडियो विभाग के अनुशासन और नियमों का उल्लंघन करते हुए बनाया गया था जैसे ही वीडियो वायरल हुआ बिजली विभाग के अधिकारियों ने तुरन्त संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपी जायेगी अधिशासी अभियंता, ने एसडीओ डिबाई की अध्यक्षता में एक जांच टीम का गठन किया जिसने मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपी जांच रिपोर्ट के आधार पर, संविदा लाइनमैन मनोज कुमार, और शाईद खां, का नाम उजागर हुआ है अधिशासी अभियंता बोले किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट किया कि विभाग में अनुशासनहीनता और कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अधेड़ की गला रेतकर निर्मम हत्या, मक्का के खेत में मिला शव

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर.जहांगीराबाद** कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथा में शनिवार की सुबह रजवाहे के निकट स्थित खेत में एक अधेड़ का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गला रेतकर निर्ममता से हत्या को अंजाम दिया गया है। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक टिटौटा निवासी विक्रम(52) पुत्र करन सिंह शुक्रवार की शाम से गायब था। शनिवार की सुबह उसका गला रेता हुआ शव करैथा के रजवाहे के निकट स्थित एक मक्का के खेत में बरामद हुआ। खेतों में काम करने पहुंचे किसान शव देखकर भयभीत हो गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना जब विक्रम के परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह व एसपी देहात मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को जल्द से जल्द हत्याकांड के खुलासे के निर्देश दिए हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि विक्रम को शुक्रवार की शाम चार बजे तक गांव के आसपास देखा गया था। उसके बाद से ही वह गायब था। मृतक का भाई सेना में तैनात है। जिसके वापस आने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।

# महाराणा प्रताप किसी एक जाति के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव: तरुण तोमर

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




**मेरठ।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर एक भव्य शौर्य पैदल मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व युवा सामाजिक कार्यकर्ता तरुण तोमर ने किया। इस आयोजन में सर्व समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया और महाराणा प्रताप के प्रति अपनी श्रद्धा व राष्ट्रभक्ति का भाव प्रकट किया। मार्च की शुरूआत चौधरी चरण सिंह पार्क, मेरठ कॉलेज से हुई, जो कचहरी चौराहा और आर.जी. कॉलेज होते हुए बच्चा पार्क स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक पहुंचा। वहां प्रतिमा का दूध, दही और पंचमेवा से अभिषेक कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य संयोजक तरुण तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं और यह यात्रा युवाओं को उनके साहस, स्वाभिमान और देशभक्ति की प्रेरणा देने हेतु निकाली गई है। उन्होंने बताया कि इस शौर्य यात्रा का उद्देश्य सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और स्वर्णिम समाज के निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में मेरठ के कई प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनमें क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश सोम, संरक्षक ठाकुर दिनेश सिंह पवार, सत्य महासभा के महामंत्री सतीश चौहान, सिसौली के अध्यक्ष नरेश, भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार राणा, करण पुंडीर (मुरलीपुरा), अतुल तोमर (मंडली), प्रमोद तोमर (बढ़ला), तेज बहादुर सिंह (अध्यक्ष, नांगली किठौर), तुषार ठाकुर, कुलदीप तोमर (प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा), शशांक चौहान, रिंकू और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि तरुण तोमर, पूर्व विधायक स्व. रविंद्र पुंडीर के भांजे हैं, जो अपने कार्यकाल में शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं। उन्हीं की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, तरुण तोमर भी आज समाज सेवा, महिला सुरक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इस आयोजन ने मेरठ की सड़कों पर राष्ट्रप्रेम, एकता और शौर्य का एक अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत किया, जब लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर ह्लमहाराणा प्रताप अमर रहेंह्व जैसे गगनभेदी नारों के साथ पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

# 16 घंटे से लापता बच्चा सकुशल पुलिस ने किया बरामद

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर मण्डावर। दिनांक 08 मई 2025 को सुबह करीब 6 बजे पढ़ाई के लिए मदरसे गया 10 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया। परिजन जब काफी देर तक उसका इंतजार करते रहे और वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना मण्डावर में मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश के लिए टीम गठित की गई। जनपद में चल रहे ऑपरेशन स्माइलह्व अभियान के तहत गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए 16 घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया फिलहाल बच्चे से पूछताछ के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी में उपनिरीक्षक मैन कुमार, मुख्य आरक्षी दीपक राणा व मुख्य आरक्षी अश्वनी की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस की तत्परता पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

# स्काउट एण्ड गाइड के गठन का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज में उच्च प्राथमिक विद्यालय पी०ए०सी० नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज के तत्वाधान में स्काउट एण्ड गाइड दल के गठन का आयोजन किया गया इस दल का गठन ए०आर०पी० श्रीमती अनुरागिनी सिंह व श्रीमती ललिता तिवारी द्वारा किया गया। स्काउट दल का नाम कलाम स्काउट दल व गाइड कम्पनी का नाम सृजन गाइड कम्पनी रखा गया। विद्यालय के कार्यक्रम संयोजक मुहम्मद रिजवान ने बताया कि इस दल का संचालन श्रीमती सुषमा कनौजिया व मुहम्मद रिजवान द्वारा किया जायेगा। कलाम स्काउट दल में रंजीत भारतीया, शिव सागर, राज सोनकर, पप्पू केसरवानी, विराट चन्द्र, मो0 अयान, आलम, राजबाबू, अंश कुमार, असद, मो0 अदनान, मो0 रेहान, आगाज हुसैन, अनस खान, आर्यन, मो0 दानिश का चयन किया गया। और सृजन गाइड कम्पनी में इन्शा फातिमा, परी विश्वकर्मा, लक्ष्मी, सुमन पटेल, दिव्यांशी कुमारी, श्रद्धा शर्मा, अलफिजा बानों, अंशिका गौतम, आस्था, चंचल गौतम, नाजिया, प्रीती भारतीया, आयुषी देवंशी, कशिश, काव्या विश्वकर्मा का चयन किया गया। रिजवान ने बताया कि ए०आर०पी० श्रीमती अनुरागिनी सिंह द्वारा स्काउट गाइड सदस्यों को स्काउट गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, नियम, सिद्धांत आदि जरूर आना चाहिए व प्रत्येक दिन स्काउट गाइड सदस्यों को भलाई के कार्य करना चाहिए उस भलाई के कार्य को प्रतिदिन डायरी में लिखें जिससे एक नये समाज का निर्माण हो सके। अंत में कार्यक्रम संयोजक मुहम्मद रिजवान द्वारा ए०आर०पी० श्रीमती अनुरागिनी सिंह व श्रीमती ललिता तिवारी नगर क्षेत्र प्रयागराज का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राशिद महमूद, ए०आर०पी० श्रीमती अनुरागिनी सिंह, श्रीमती ललिता तिवारी, मुहम्मद रिजवान व श्रीमती सुषमा कनौजिया व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

# आगरा टेड़ी बगिया इस्लाम नगर वीर अब्दुल हमीद पार्क व इदगाह में लगाएं वृक्ष




**वेलकम इंडिया**

आगरा से संवाददाता मयूर खान जनपद आगरा टेड़ी बगिया इस्लाम नगर वीर अब्दुल हमीद पार्क व वीर अब्दुल हमीद इदगाह में क्षेत्रीय जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा द ग्रीन अर्थ वेलफेयर सोसायटी वृक्षा रोपण कि टीम के साथ मिलकर पार्क व इदगाह दोनों में वृक्ष लगाए और इदगाह में और भी छोटे बड़े कार्य को भी देखा और वीर अब्दुल हमीद पार्क व इदगाह के कार्य में तमाम बस्ती के लोगों ने बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें शामिल पार्षद सज्जन अली, भारतीय किसान यूनियन भानु आगरा जिला उपाध्यक्ष जमील खांन, गौरी साहब, इम्तियाज उस्मानी, उर्फ भोला भईया, आलम भाई, शाहिद अली शाह पत्रकार, मयूर खान पत्रकार, आदि जिम्मेदार व्यक्ति मोजूद रहे।

# घर में चोरी करने का आरोप पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिले के ग्राम गनौरा निवासी इरफान पुत्र बुन्दू शाह ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर दी, जिसमें बताया कि सरफराज उर्फ सर्फ पुत्र मुकीम उर्फ मोखा शाह निवासी ग्राम गनोरा ने उसके घर से मोबाइल फोन, चार्जर, एक सोने की अंगूठी और एक जोड़ी पायल चुरा ली। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की कोतवाली देहात पुलिस ने 09 मई 2025 को आरोपी सरफराज उर्फ सर्फ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया सामान मोबाइल फोन, चार्जर, सोने की अंगूठी और एक जोड़ी पायल झ बरामद कर लिया। पुलिस की सक्रियता और तत्परता के कारण इस चोरी का मामला जल्द सुलझा लिया गया गिरफ्तार आरोपी सरफराज उर्फ सर्फ पुत्र मुकीम उर्फ मोखा शाह निवासी ग्राम गनोरा, थाना कोतवाली देहात, बिजनौर पुलिस टीम उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गिरी हेड कांस्टेबल अमित कुमार कांस्टेबल मुकम्मल पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस की तत्परता और सक्रिय कार्रवाई ने इस चोरी के मामले का जल्दी समाधान किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा और मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ ने व्यापारियों को संगठन में सम्मिलित कर फूल मालाओं से किया स्वागत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ ने संगठन का विस्तार करते हुए दयाल वाला एवं मंडावर के देवेंद्र कुमार सैनी को जिला मीडिया प्रभारी लाल बहादुर करणवाल को जिला सह संगठन मंत्री संकित राठी को युवा जिला संगठन संगठन मंत्री एवं गगन अग्रवाल को जिला युवा मंत्री मनोनीत किया जिला अध्यक्ष श्री सर्राफ ने कहा कि देवेंद्र सैनी लाल बहादुर करण वाल संकित राठी गगन अग्रवाल और और उनकी पूरी टीम मंडावर एवं दयाल वाला एवं नारायणपुर के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन से जुड़े हैं जो की पूर्व में अन्य व्यापार मंडल में थे परंतु चंदा वसूली एवं व्यापारियों की समस्या पर ध्यान न देने के कारण दूसरे व्यापार मंडल से त्यागपत्र देकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन से जुड़े हैं उनका भव्य स्वागत है श्री सर्राफ ने मनोनयन पत्र एवं माला पहनाकर चारों पदाधिकारीयो का स्वागत किया और कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन को मजबूती मिली है व्यापारी एकता पर बल दिया तथा कहा कि संगठन में शक्ति है और व्यापारी का सम्मान सर्वोपरि है व्यापारी नेता द्वारा व्यापारियों से चंदा वसूली कर आर्थिक उत्पीड़न करने के हम खिलाफ है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिंदाबाद के नारे के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ

# थाना समाधान दिवस में दर्ज हुई मात्र एक शिकायत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नगीना सीओ नगीना की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में 01 शिकायत दर्ज मौके पर निस्तारण नहीं हो सका थाना समाधान दिवस शनिवार को थाना कोतवाली प्रांगण में सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुवेर्दी की अध्यक्षता व थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के संचालन में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र 01 शिकायत दर्ज हुई। जबकि मौके पर शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका इस अवसर पर नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक कुमार , एस आई सुभाष तोमर सहित सभी उपनिरीक्षक व राजस्व विभाग के लेखपाल सचिन कुमार, मोहित शर्मा सहित थाना क्षेत्र के समस्त लेखपाल थाना दिवस में शिकायत सुनते नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी नगीना मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप शौर्य के प्रतीक

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** भारत विकास परिषद गौरव के तत्वावधान में महान शूरवीर महाराणा प्रताप जयंती समारोह आयोजित किया गया। वक्ताओं ने उन्हें महामानव करार देते हुए अखंड भारत निर्माण का पुरोधा बताया। समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष अनिल कुमार ने महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि उनके अद्वितीय साहस स्वाभिमान और देश प्रेम को सारा देश कृतज्ञता पूर्वक नमन करता है। सचिव विजय गर्ग ने महाराणा प्रताप जी को शौर्य और पराक्रम का प्रतीक बताया। उन्होने महाराणा प्रताप जी से देशभक्ति की प्रेरणा लेते हुए देश में त्याग और बलिदान के लिए सदैव तत्पर रहने का आग्रह किया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप की सराहना करते हुए कहा कि मातृ भूमि के प्रति समर्पण द्वारा उन्होने अखंड भारत निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें मुगल आक्रांताओं के समक्ष ना झुकने वाला बताया। ब्रजेश गर्ग राकेश मित्तल विपुल गर्ग राजीव अग्रवाल अक्षत अग्रवाल सुनील कुमार राजेन्द्र गोयल राजेन्द्र अग्रवाल सीमा गर्ग आदि तमाम सदस्य मौजूद रहे।

# पेटी ठेकेदारों की धोखाधड़ी से ठप हुआ विद्युत परियोजना का कार्य

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र स्थित आरडीएसएस योजना के अंतर्गत चल रही विद्युत परियोजना कार्य में एक बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। यूनिवर्सल एम ई पी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर धीरेन्द्र सिंह ने तीन पेटी ठेकेदारों पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की विद्युत सामग्री न लौटाने का गंभीर आरोप लगाते हुए बारादरी थाने में शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरेन्द्र सिंह निवासी जनपद उन्नाव ने पुलिस को बताया है कि उनकी कंपनी को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से आरडीएसएस योजना के तहत बरेली में विद्युतीकरण कार्य मिला है। यह कार्य पेटी ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है। कंपनी की ओर से बरेली बाईपास रोड, थाना इज्जतनगर क्षेत्र स्थित स्टोर से संबंधित ठेकेदारों को विद्युत सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जिसे कार्य के उपरांत वापस करना अनिवार्य है। पीड़ित के अनुसार, आकाश कांट्रैक्टर (वीरेश पाल, अमरोहा), विशेष कुमार कांट्रैक्टर (मुनीमपुर, अमरोहा), और सुजीत कुमार सोनी एंड संस (हजारीबाग, झारखंड) को बरेली के मॉडल टाउन व सहदाना क्षेत्र में कार्य के लिए सामग्री दी गई थी, जिसकी कुल कीमत करीब 19.5 लाख रुपये आंकी गई है। कार्य समाप्त होने के बाद तीनों ठेकेदारों ने शेष बची व डिस्मेंटल की गई सामग्री वापस नहीं की।

# सहकारी गन्ना विकास समिति लि॰ में सात करोड़ नौ लाख तेंतीस हजार तडेसठ रुपए का गवर्न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध जांच हुई शुरू

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ जनपद हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा निर्गत आदेश पत्रांक 163/समिति जाँच/2025-26. दिनांक 07-05-2025 को सहकारी गन्ना विकास समिति लि॰ हापुड में कार्यरत भारत कश्यप स्थाई लिपिक द्वारा कर्मचारी आचार संहिता का घोर उल्लंघन कर समिति धन का अनियमित तरीके से दुरूपयोग कर कुल धनराशि अंकन 70933063.00 (सात करोड नौ लाख तैतिस हजार तडेसठ रुपए) का व्यपहरण किया गया है। तथा समस्त अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण उपरोक्त व्यपहरित धनराशि के बढ़ने की प्रबल सम्भावना है। जोकि प्रकरण में गहन एवं विस्तृत जांच उपरान्त ही सम्मव है। जिसमें अधोहस्ताक्षरी को मजिस्ट्रेट नामित करते हुए, पुलिस उपाधीक्षक हापुड नगर, एस०टी०ओ० हापुड, डी०सी०ओ० हापुड़ को सदस्य नामित किया गया है।

उक्त घटित घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है। उक्त घटना के सम्बन्ध में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी/सामान्य जन को अपना लिखित/मौखित साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह तीन दिन के अन्दर इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना-अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

यदि कोई घटना के सम्बन्ध आडियो वीडियो भी प्रस्तुत कर सकते है।

# महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा अनूपशहर सौभाग्य वाटिका में 11:00 बजे से 3:00 बजे तक विचार गोष्ठी आयोजित की जिसकी अध्यक्षता धीरेंद्र सिंह उर्फ नरसी जी ने की इसका संचालन मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्र मोहन, ठाकुर सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि ठाकुर राकेश भाटी व कार्यक्रम अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह नरसी जी, ठाकुर मदनपाल सिंह कार्यक्रम के संयोजक मंडल के साथ मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विचार गोष्टी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्र मोहन, विशिष्ट अतिथि ठाकुर सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि ठाकुर राकेश भाटी, लेफ्टिनेंट अभीजीत सिंह चौहान, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राघव, अखंड प्रताप सिंह व हर्षित छोंकर मिलकेश सिंह चौहान, शिक्षक नेता राजकुमार राघव आदि ने महाराणा प्रताप को महान देशभक्त व महानायक के साथ-साथ उनके द्वारा अखंड भारत व मुगल सल्तनत को खदेड़कर, घास की रोटी के साथ-साथ उनके चेतक ने भी देश को बनाए तथा मुगल सल्तनत को खदेड़ने में अपनी सर्वोच्च न्योछावर से प्रेरणा लेकर युवाओं से उनके त्याग तपस्या बलिदान से प्रेरणा लेकर देश सेवा में जुटने का आह्वान किया। विचार गोष्ठी के उपरांत सौभाग्य वाटिका से मुख्य बाजार होते हुए, बैंड बाजे, डीजे एवं महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी झांकियां की भव्य शोभा यात्रा निकल गई। जिसका शुभारंभ फिता काटकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व कार्यक्रम संयोजक मंडल द्वारा किया गया। शोभायात्रा के दौरान युवाओं ने महाराणा प्रताप जी के जीवन से जुड़े गानों पर थिरकते हुए अपने देश प्रेम के जज्बे के साथ उनके सम्मान में महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय, महाराणा सांगा अमर रहे के नारो के साथ शोभायात्रा का मुख्य बाजार में पेयजल व पुष्प वर्षा कर विचारगोष्ठी में शोभायात्रा में भागीरथ सिंह सिसोदिया, भूपेंद्र सिंह राघव, सतीश राघव, श्याम प्रधान, सत्येंद्र सिंह प्रधान, सुभाष पुंडीर ब्रजवीर सिंह राघव, ठाकुर अरबेश सिंह राघव, मिल्केश चौहान, महेश ग्राम प्रधान डूंगरा जोगी, अनुभव राघव, यतेंद्र सिंह पवार, मुकेश एवं दुष्यंत चौहान, दिनेश कुशवाहा आदि लोग सम्मिलित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़**/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 103958 मामलो का निस्तारित कराया गया।बता दें कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के कुशल निर्देशन में 10.05.2025 को डा० अजय कुमार द्वितीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलित कर, माँ सरस्वती की प्रतिमा का पुष्पार्चन तथा माल्यार्पण कर किया उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में गुरप्रीत सिंह बावा पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, हापुड़, विपिन कुमार, अपर जिला जज-प्रथम, हापुड़ हनी गोयल अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, सौरभ कुमार वर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़, ज्ञानेन्द्र सिंह यादव ,अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश (पोक्सोअधिनियम),प्रथम, हापुड़, अपर जिला जज द्वितीय आदित्य जायसवाल, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय प्रथम, हापुड़, मिताली गोविंद राव, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय द्वितीय, विरेश चन्द्रा तथा समस्त न्यायालय के पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण, लक्ष्मी नारायण उपाला, रीजनल मैनेजर, बैंक आर ओ, केनरा बैंक हापुड़, के.पी. सिंह, चीफ मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक, शीशपाल, मैनेजर लीड बैंक, हापुड़ एवं , बार अध्यक्ष,संजय कंसल व सचिव, विरेन्द्र सैनी एवं विद्वान अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, बैंक के अधिकारीगण तथा वादकारीगण उपस्थित रहें। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जो मामले निस्तारित होते है।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में उत्साह पूर्वक मनाया गया मातृ दिवस

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकैडमी बिजनौर में मातृ दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल, पूजा कर्णवाल ने भगवान श्री गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन से की। सर्वप्रथम विद्यालय में अपने बच्चों के साथ आई माताओ का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने माता-पिता के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा मां के प्रति आदर व स्नेह को दिखाते हुए लघु नाटिका व नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने इन कार्यक्रमों में अपने-अपने तरीकों से अपने मां के प्रति प्यार व मां की महिमा को बताया। इन कार्यक्रमों को देखकर सभी अभिभावक मंत्र मुग्ध व भाव विभोर हो गए। मातृ दिवस के उपलक्ष में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता व फोटो फ्रेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्चों ने अपने माताओ के लिए बहुत ही सुंदर कार्ड व फोटो फ्रेम बनाएं। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं फन गेम्स व रैंप वॉक आदि में माताओ ने प्रतिभाग किया। माताओं के द्वारा किए गए ये कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। इन कार्यक्रमों में विजेताओं को मदर्स डे बैच, उपहार देकर सम्मानित किया गया। रैंप वॉक में काशवी, इनाया, आईजा, शिखर के माता पिता को उपहार दे कर सम्मानित किया। तथा गेम्स में विजेता का खिताब ज्योति चौधरी को मिला। विद्यालय परिवार ने माताओ को सम्मानित कर इस मौके को खास बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

सभी बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बालक की पहली गुरु उसकी मां होती है, इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपनी माता पिता के प्रति प्यार व सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। बच्चों को मातृत्व दिवस का महत्व समझाया तथा सभी बच्चों को अभिभावकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी।

# श्री साई पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** चांगीपुर स्थित श्री साई पब्लिक स्कूल चांगीपुर में मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

श्री साई पब्लिक स्कूल में आयोजित मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक लोकेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बालक की पहली गुरु उसकी मां होती है और बच्चों को मातृ दिवस का महत्व समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा ने बच्चों को जीवन में माता का सम्मान करना चाहिए इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपनी माता-पिता के प्रति प्यार में सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय की एक्टिविटी अध्यापिका एवं प्राइमरी कोडिनेटर भावना राजपूत ने बच्चों को मातृ दिवस पर विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी बनवाकर माता के प्रेम तथा समर्पण के बारे बहुत बहुत ही अच्छे ढंग से बताएं और मां का सम्मान करने की प्रेरणा दी। जूनियर कोडिनेटर अमरीन मैम ने भी बच्चों को मातृ दिवस पर शपथ दिलाई मातृ दिवस पर कक्षा नर्सरी एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने बहुत सुंदर कविता पर एक्शन एक्टिविटी की। कक्षा 1 से 11वीं क्लास के बच्चों ने माता के ऊपर बहुत सुंदर लाइन लिखी तथा कुछ बच्चों ने सुंदर कार्ड बनाकर अपनी माता को सम्मानित किया। इस अवसर अध्यापक , अध्यापिकाये उपस्थित रहे।

# शिक्षा स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** निवाड़ी स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ एक अनोखे अंदाज में मनाया गय। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सुबह की प्रार्थना सभा अपनी माता को समर्पित करते हुए सुंदर नृत्य , भाषण और कविता प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।उसके बाद अपनी माता के लिए खास तोहफा,गुलस्ता और ग्रीटिंग कार्ड बनाकर गौरवान्वित किया।इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष में एक रैली का आयोजन भी किया गया।विद्यालय के चेयरमैन नीरज त्यागी ने कहा कि ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का सबसे खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है, दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने भी मातृ दिवस पर माताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक शिशु की प्रथम शिक्षक उसकी माँ ही होती है माँ ही प्रत्येक समाज की आधारभूत इकाई है।

# डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में मातृ दिवस समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की तीनों शाखाओं ग्लोबल स्कूल, प्रीटी पेंग्विंस स्कूल व टेक्सटाइल ब्रांच में मातृ दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ केएन मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज, स्कूल उप प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा शर्मा, प्रीटी पेंग्विंस स्कूल श्रीमती प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल ब्रांच स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना एंव डॉ केएनएमईसी की असिस्टेंस प्रोफेसर श्रीमती सारांश द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम मे प्री-नर्सरी व कक्षा प्रथम की माताओ को बुलाया गया। सभी माताओं को बैच पहनाकर व बच्चों द्वारा अपनी माताओं के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया और फूल अर्पित कर भावपूर्ण स्वागत किया। माताओं के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गीतों और मधुर ध्वनियों ने वातावरण को भावनात्मक बना दिया।इसके पश्चात विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें माताओं ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। सुपर मॉम म्यूजिकल चेयर्स, पास द पार्सल और माँ-बच्चे की जोड़ी प्रतियोगिताओं ने सभी को उत्साहित कर दिया। ग्रेड नर्सरी, जूनियर के जी व सीनियर केजी के हमारे नन्हे-मुन्नों ने दिल को छू लेने वाली मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जिसे देखकर सभी का मन भाव विभोर हो उठा। प्री-नर्सरी की माताओं द्वारा की गई रैम्प वॉक व बच्चो के साथ नृत्य प्रदर्शन इस समारोह में एक अलग ही रंग भर दिया। प्री-नर्सरी ग्रेड के नन्हे-मुन्नों ने अपनी माताओं को गले लगाया और बाद में प्यार और प्रशंसा के एक हस्तनिर्मित प्रतीक, मुकुट पहनाया, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि 'मेरी माँ मेरी रानी है'। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को विद्यालय की ओर से एक-एक तुलसी का पौधा और एक सुंदर ह्यप्यारा शेषह्ल स्मृति स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा, टेक्सटाइल ब्रांच की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना व प्रीटी पेंग्विंस की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने अपनी अपनी शाखाओं मे मातृत्व के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक माँ न केवल परिवार की नींव होती है बल्कि वह अपने बच्चे की प्रथम शिक्षक और सबसे बड़ी मार्गदर्शक होती है। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था बल्कि माताओं के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता प्रकट करने का एक सुंदर अवसर भी बना। माताओं की मुस्कान, उनके विचार और उनकी सकारात्मक प्रतिक्रियाओं ने इस आयोजन को पूर्ण रूप से सफल बना दिया।

# बाबा भैरवनाथ जी का 9वा वार्षिक भंडारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धनौरा :** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भैरवनाथ जी का 9वा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। राजेश सैनी निवर्तमान चैयरमेन नगर पालिका परिषद धनोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मई दिन रविवार को भैरोनाथ मंदिर मंढियो रोड, सैनी नगर शिवपुरी, मंडी धनोरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर, प्रसाद ग्रहण धर्म लाभ उठाएं। पूजन का समय सुबह 8 बजे और भंडारा 11 बजे शुरू होकर प्रभु इच्छा तक चलेगा।

# छाया पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की माताओं ने बढ़-चढ़कर गायन व नृत्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और सभी अभिभावकों की जोरदार तालियां बटोरी और अपने-अपने वर्ग में विजेता बन सुपर मॉम का खिताब जीता। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि मां का रिश्ता एक ऐसा रिश्ता है जिसमें ममता, प्यार अपार मात्रा में समाहित होती है वह लोग खुशनसीब होते हैं । जिनको मां का प्यार और उनकी परवरिश मिलती है हनीशा, पूजा, प्रीति, प्रीति डागर, नीतू ,शिवानी स्वाति सभी विजेता माताओं को प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना शर्मा, चित्रा दीक्षित, ज्योति राघव, मोनिका त्यागी, नीतू राघव, शिल्पा त्यागी, आकांक्षा सेंगर, कुसुम शर्मा, सोनम त्यागी आदि शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# आरकेजीआईटीएम कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आगाज



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आर0के0जी0आई0टी0एम0 गाजियाबाद में फेयरवेल पार्टी का आगाज हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन कॉलेज के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाईजर डॉ0 लक्ष्मण प्रसाद, डायरेक्टर डॉ0 राकेश गोयल, डीन डी0एस0डब्लू हरी गोपाल गर्ग द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉलेज के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल द्वारा सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर कॉलेज के तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम, रैम्प वॉक एवं नृत्य कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अन्त में कालिज के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल द्वारा कालिज के सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा गया कि सभी छात्र अपने कार्य को बडी लगन एवं मेहनत के साथ करते हुए अपने जीवन में सदा उन्नति करें।इस अवसर पर मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल का आयोजन किया गया। जिसमें अन्तिम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का चयन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 मनोरमा शर्मा, डा0 आभा वत्स, खुशबु पाण्डे, प्रोक्टर अरूण कुमार पाण्डे, संदीप सिंह, निधि गर्ग आदि सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में मातृशक्ति पूजन दिवस पर माताओ का सम्मान




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर माताओ के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा अपनी माताओं के लिए पत्र लेखन, पॉडकास्ट के माध्यम से माताओं की जीवन सिख, मां की जीवनी, पोस्टर मेकिंग आदि गतिविधियों में सभी छात्रों ने भाग लिया तथा साथ ही इस अवसर पर माताओ के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मदर्स मास्टर शेफ, सुपर डांसर मोम, सुपर माडल मोम, सुपरस्टार सिंगर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में माताओं ने भी प्रतिभागी के रूप में भाग लिया ।साथ ही जूनियर वर्ग के छात्रों ने माताओं के लिए संगीत प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि मातृ दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व की सभी माताओं के प्रति सम्मान व कृतज्ञता प्रकट करने के लिए है जिन्होंने अपने त्याग , प्रेम, प्रतिभा व योगदान से इस विश्व को उज्जवल किया है। साथ ही उन्होंने यह बताया कि ₹ मां₹ ईश्वर का दूसरा रूप है क्योंकि ईश्वर सभी जगह नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि डॉक्टर रीता दरबारी द्वारा सभी माताओं को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा करते हुए निरंतर बच्चों के साथ जुड़े रहने की और उनकी क्रियात्मक कौशलता को प्रदर्शित करने के लिए बधाई दी साथ ही स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता, डॉक्टर शिखा दरबारी व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने सभी माताओ को भेंट देकर सम्मानित किया तथा साथ ही मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# अमर शहीद क्रान्तिकारी कोतवाल धनसिंह गुर्जर महान योद्धा : डॉ० कटारिया

**वेलकम इंडिया**




**नूरपुर।** क्रान्तिकारी कोतवाल धन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में 10 मई 1857 को मेरठ क्रांति का बिगुल बजाया गया था। शनिवार को क्रान्ति दिवस पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में जननायक कोतवाल धन सिंह गुर्जर के संघर्ष और शहादत पर आयोजित विचार गोष्ठी में क्रान्तिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया ने 10 मई 1857 की क्रांति के जननायक कोतवाल धन सिंह गुर्जर के जीवन, संघर्ष और शहादत पर प्रकाश डालते हुए समाज से उनके आदर्शो एवं सिद्धान्तों को अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आहवान किया। डॉ० कटारिया ने पहलगाम की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गुर्जर महासभा पाकिस्तान की इस घिनौनी हरकत की निन्दा करती हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भारतीय सेना के पराक्रम एवं शौर्य की सराहना करते हुए कहा कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ऐसे संकट के समय पर देश की सेना के साथ है।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की 1908 में स्थापना हुई और तभी से संगठन ने समाज के साथ मिलकर देश की उन्नति एवं प्रगति तथा देश के स्वाभिमान के लिए केन्द्र सरकार और देश की सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुश्मनों के छक्के छुड़ाने का काम किया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मंझौला गुर्जर में दलजीत सिंह के निवास स्थान पर चन्द्रपाल सिंह की अध्यक्षता और सुरेश सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में ओमवीर सिंह, वेदपाल सिंह, प्रदीप कुमार, योगेश कुमार, विपिन कुमार, रमेश कुमार, अशोक कुमार, अर्जुन सिंह, पवन कुमार, सतपाल सिंह, जगपाल सिंह, विकास कुमार, राजेंद्र नागर, रामपाल सिंह, टीकाराम सिंह, परम सिंह, आनन्द नागर, राजपाल सिंह, मदनपाल सिंह, लटूर सिंह, हरपाल सिंह एवं नरेश कुमार आदि ने अमर शहीद क्रान्तिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पितकर नमन किया।

# पुरातन छात्र ने विद्यालय को एक फ्रिज व चार पंखे दान किये

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में पुरातन छात्र दीपांशु शर्मा पुत्र श्री राकेश शर्मा निवासी दुहाई गाजियाबाद को विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा द्वारा पुष्प माला, अंगवस्त्र व प्रतीक सम्मान के द्वारा सम्मानित किया गया।विद्यालय के पुरातन छात्र दीपांशु शर्मा ने विद्यालय को एक फ्रिज व चार पंखे दान किये।यह दान की भावना छात्र को विद्यालय के प्रति समर्पण स्नेह ,विद्यालय के प्रति लगाव को दशार्ती है। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर व कलाध्यापक डॉक्टर अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने पुरातन छात्र दीपांशु शर्मा का आभार व्यक्त किया तथा सभी छात्रों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक छात्र का विद्यालय के प्रति लगाव समर्पण व स्नेह की भावना उसके अच्छे संस्कारों को प्रदर्शित करती है। हमें ऐसे छात्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा राष्ट्रहित व समाज सेवा के रूप में कार्य कर अपनी समाज में एक सकारात्मक भूमिका अदा करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# भारत-पाक तनाव के बीच पुलिस की कड़ी सर्तकता डीसीपी देहात के नेतृत्व में फ्लैग मार्च और चेकिंग अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नेट ने सुरक्षा की स्थिति को संभालने के लिए कड़ी सर्तकता बरतने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस समय गाजियाबाद पुलिस का एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में शांति बनी रहे और किसी भी प्रकार की अफवाहों या तनाव से बचा जा सके। तनाव की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया और सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया। शनिवार को डीसीपी देहात सुरेन्द्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में मसूरी थाना और वेवसिटी इलाके में पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस मार्च का उद्देश्य स्थानीय लोगों में शांति बनाए रखना और उन्हें यह संदेश देना था कि पुलिस पूरी तरह से सर्तक है। डीसीपी देहात सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा, हमारी पुलिस बल पूरी तरह से अलर्ट है। किसी भी प्रकार के शांति भंग करने की कोशिश को हम तुरंत रोकेंगे। हम जनता से अपील करते हैं कि वे अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी किए गए निदेशों का पालन करें। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि गाजियाबाद में शांति और सुरक्षा कायम रहे। डीसीपी ने कहा कि ऐसे हालात में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है और जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान, फ्लैग मार्च और संवेदनशील स्थानों की निगरानी से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग भी की गई। पुलिस ने बाजारों का दौरा किया और उन स्थानों पर निगरानी रखी जहां असामाजिक तत्वों के घुसने का खतरा हो सकता था। डीसीपी ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस की टीम हर समय तैयार है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद पुलिस ने पहले ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की है और सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है। डीसीपी सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने अंत में यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों और गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और एक शातिर लुटेरे के बीच शुक्रवार रात मुठभेड़ हुई, जिसमें गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, टीला मोड़ थाना पुलिस ने हिंडन एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग पर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान सिकंदरपुर पुलिस चौकी की ओर से एक युवक बाइक पर सवार होकर आ रहा था। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक ने बाइक नहीं रोकी और उसे मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया और युवक बाइक समेत गिर गया। इसके बाद उसने पुलिस पर गोली चला दी, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान सागर उर्फ शाका के रूप में हुई, जो कृष्णानगर, दिल्ली का निवासी है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि सागर पर पहले से करीब 20 मामले दर्ज हैं, और वह गाजियाबाद में पिछले तीन महीने में लूट व छिनैती की एक दर्जन घटनाओं में शामिल रहा है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के बाद बरामद बाइक की जांच की, जिसे उसने कुछ दिन पहले डीमार्ट के सामने से चोरी किया था। पुलिस अब इस मामले में और भी गहनता से जांच कर रही है।

# चोरों के हौसले बुलंद, इनोवा और जिम्मी समेत नौ वाहन चोरी की वारदातें

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में वाहन चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि हर दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र से चोरी की वारदात सामने आ रही है। बीते कुछ दिनों में इनोवा, जिम्मी, स्कूटी, मोटरसाइकिल और पिकअप वाहन समेत कुल नौ वाहन चोरी की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

थाना लिंक रोड क्षेत्र में रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि वह 8 मई की शाम लगभग साढ़े छह बजे एक विवाह समारोह से घर लौटे थे और भीड़ अधिक होने के कारण अपनी टोयोटा इनोवा (नंबर यूपी14पीटी-0079) को होंडा एजेंसी के सामने खड़ा कर दिया था। जब वह रात साढ़े दस बजे वापस पहुंचे तो गाड़ी वहां से गायब थी। पुलिस ने पहुंचकर जांच की और प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वहीं, थाना कौशांबी में आलोक मलिक नामक व्यक्ति ने अपनी मारुति जिम्मी कार (नंबर एचपी40एफ-3762) के चोरी होने की शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि 8 मई को वह अपनी माता जी के उपचार के लिए वैशाली के एक निजी अस्पताल आए थे और गाड़ी को अस्पताल के पास खड़ा किया था। जब वह चेकअप के बाद लौटे तो वाहन वहां से गायब था। इसी दिन थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में पत्रकार हर्षवर्धन शर्मा ने उत्कर्ष कौडिन्य की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 27 अप्रैल को वह अपनी स्कूटी (टीवीएस जुपिटर, नंबर डीएल13एसएस8259) से प्रह्लादगढ़ी बाजार गए थे और एक दुकान के बाहर स्कूटी खड़ी की थी। लौटने पर स्कूटी वहां से चोरी हो चुकी थी। थाना लिंक रोड में आर्यन नामक युवक ने बताया कि वह नास्ला क्रिएशन कंपनी में कार्य करता है।

# तिरंगा शौर्य यात्राः राष्ट्रभक्ति, एकता और गौरव का अद्वितीय संगम

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की पावन भूमि पर भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के संयोजन में और ऑपरेशन सिंदूर के तत्वावधान में एक ऐतिहासिक एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा शौर्य यात्रा का भव्य आयोजन हुआ, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के सम्मान में समर्पित था।

यात्रा का शुभारंभ ठाकुरद्वारा मंदिर में स्थित चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री श्री धर्मपाल सिंह जी ने किया। अपने जोशीले संबोधन में उन्होंने कहाः ₹10 मई 1857 का दिन हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत माता की आजादी के लिए पहले जनांदोलन की चिंगारी है। यह दिन बलिदान, शौर्य और आत्मगौरव का प्रतीक है। धर्मपाल सिंह जी के शब्दों में, यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना को पुनः जागृत करने का प्रेरणास्त्रोत है। आज जब देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है, तब यह तिरंगा यात्रा उस ऊर्जा और बलिदान की स्मृति को पुनर्जीवित करती है, जिसने हमें आजाद भारत का स्वप्न देखने का साहस दिया। मोदी जी के नेतृत्व ने न केवल राष्ट्र को वैश्विक मंच पर गौरव दिलाया है, बल्कि देश की सामूहिक चेतना को एक नई दिशा दी है। देश की सेवा में समर्पित यह अभियान, न केवल एक श्रद्धांजलि है हमारे वीर बलिदानियों को, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनकर राष्ट्र निर्माण की राह को आलोकित करता है। हम सब मिलकर इस युग परिवर्तन के साक्षी बनें और भारत को विश्वगुरु बनाने के इस संकल्प में सहभागी बनें। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मयंक गोयल ने कहा ₹1857 की क्रांति से लेकर आज तक तिरंगा हमारी अस्मिता, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक रहा है। यह तिरंगा यात्रा न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि है, बल्कि भारत के सैनिकों के साहस और त्याग को नमन करने का अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रभक्ति की भावना आज जन-जन में जागृत हो रही है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी वीर जवानों को नमन किया और यह संकल्प दोहराय कि राष्ट्रसेवा ही मेरे जीवन का मूल उद्देश्य रहेगा। यह यात्रा भारत को एक नई चेतना, नई ऊर्जा और अटूट एकता का संदेश दे रही है।

# नौ थाना क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी, जिले में कंट्रोल रूम भी स्थापित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पाकिस्तान के साथ जारी तनाव और आतंकी गतिविधियों की आशंका को देखते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट में सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा कदम उठाया गया है। जिले के नौ थाना क्षेत्रों में 25 मई तक ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट बैलून और अन्य उडे वाली वस्तुओं को उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान जिले में धारा 163 प्रभावी रहेगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि कोतवाली, कविनगर, लिंक रोड, साहिबाबाद, टीला मोड़, ट्रोनिका सिटी, लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर थाना क्षेत्र को अस्थायी रेड जोन घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों को 'नो-ड्रोन जोन' घोषित किया गया है, जहां किसी भी प्रकार की उड़ान गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी पत्रकार या मीडिया प्रतिनिधि को ड्रोन का प्रयोग करना हो तो उन्हें संबंधित पुलिस उपायुक्त से पूर्व अनुमति लेनी होगी। यदि इन क्षेत्रों में ड्रोन उड़ता पाया गया तो उसे तत्काल नष्ट कर दिया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने विशेष तलाशी अभियान चलाया। ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों और स्टेशन पर मौजूद लोगों के सामान की गहन जांच की गई। टीमों ने ट्रेनों की बोगियों में जाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी।

# बिजली विभाग की लापरवाही, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बिजली विभाग की लापरवाही के कारण एक बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। निजी इंटरनेट और केबल टीवी सेवा प्रदाताओं के तार बिजली के तारों में उलझकर खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। इन तारों का मकडजाल बिजली के खंभों पर फैलने से ना सिर्फ शॉर्ट सर्किट के कारण तेज धमाके हो रहे हैं, बल्कि रिहायशी इलाकों और बाजारों में बड़े हादसे का खतरा भी मंडरा रहा है। बिजली विभाग द्वारा इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है। जहां एक ओर इंटरनेट और केबल कंपनियों के तार बिजली के तारों से उलझे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली के खंभों पर इन तारों का अतिरिक्त भार पडे से खंभे झुकने लगे हैं, जिससे गिरने का खतरा बढ़ गया है। इंटरनेट और केबल सेवा प्रदाताओं के तारों का बेतरतीब ढंग से फैला होना न केवल बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है, बल्कि यह जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकता है। जब भी तेज हवा चलती है, ये तार आपस में टकराकर स्पार्किंग करने लगते हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट और करंट का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण बिजली खंभों पर काम करने वाले कर्मचारियों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें इन उलझे तारों में फंसने का डर रहता है।

# पत्नी से झगड़े के बाद ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ा युवक, आत्महत्या की दी धमकी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के कनावनी इलाके में शनिवार दोपहर एक युवक पत्नी से विवाद के बाद नशे की हालत में ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ गया। करीब एक घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवक की पहचान कुलदीप के रूप में हुई है, जो इस समय बेरोजगार है और मानसिक तनाव में चल रहा है। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे शराब के नशे में उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया। झगड़े के बाद कुलदीप घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ गया और आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन युवक नीचे आने को तैयार नहीं था। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 2:15 बजे कुलदीप को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। इसके बाद पुलिस ने उसकी काउंसलिंग कर परिजनों के हवाले कर दिया। घटना के दौरान लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे घटनाक्रम का वीडियो मोबाइल कैमरों में कैद होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# मानसून पूर्व नालों की सफाई अभियान तेज, नगर विकास विभाग ने दी सख्त चेतावनी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम मानसून से पूर्व शहर में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर नालों की सफाई करा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने गाजियाबाद में चल रहे सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कौशांबी, वैशाली तथा एलिवेटेड रोड के नीचे स्थित प्रमुख नालों का दौरा कर सफाई की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अमृत अभिजात ने नगर निगम अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि नालों की सफाई सिर्फ औपचारिकता न रहे, यह कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। मानसून के पहले हर नाले को पूरी तरह साफ कर उसकी रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या ढिलाई किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नालों में कूड़ा डालने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगे। आम जनता को जागरूक करने के साथ-साथ ऐसे स्थानों पर लंबी जाली लगवाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, ताकि दोबारा गंदगी जमा न हो सके। नालों की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर की जाए तथा हर चरण की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से की जाए। उन्होंने एलिवेटेड पुल के नीचे स्थित नाले की विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र वसुंधरा और वैशाली जैसे प्रमुख रिहायशी इलाकों के प्रवेश द्वार हैं, इसलिए यहां केवल सफाई ही नहीं बल्कि सौंदर्यीकरण भी प्राथमिकता पर हो। उन्होंने उद्यान प्रभारी को निर्देशित किया कि आसपास फूलों के पौधे लगाए जाएं, ताकि क्षेत्र स्वच्छ एवं आकर्षक दिखाई दे। मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी को प्रमुख नालों पर मजबूत व ऊँची जालियों की व्यवस्था शीघ्र पूरी करने को कहा गया। साथ ही, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश को निर्देशित किया गया कि दिल्ली और गाजियाबाद सीमा पर स्थित नालों की एक सप्ताह के भीतर सफाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश, उद्यान प्रभारी अनुज, मुख्य अभियंता नरेंद्र चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल भी मौके पर मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है।

# संयुक्त अस्पताल में ओपीडी के बाहर उमड़ी मरीजों की भीड़

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के संयुक्त अस्पताल में शनिवार को ओपीडी के बाहर शनिवार सुबह से ही मरीजों की लंबी लाइन लग गई। इलाज के लिए आए सैकड़ों मरीजों की भीड़ के कारण अस्पताल परिसर में अव्यवस्था फैल गई। इसी दौरान कई बार मरीजों और सुरक्षा गार्डों के बीच तीखी बहस और कहासुनी की नौबत आ गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अधिकतर मरीज जल्दी पर्ची बनवाकर पहले इलाज कराने के लिए धक्का-मुक्की करने लगे। स्थिति संभालने के लिए तैनात सुरक्षा गार्डों को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे माहौल कई बार तनावपूर्ण हो गया। संयुक्त अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि शनिवार को ओपीडी में कुल 967 मरीजों का पंजीकरण हुआ। भीड़ अधिक होने के कारण कई मरीज बार-बार अपनी बारी जल्दी लाने की कोशिश कर रहे थे, जिससे गार्डों से उनका विवाद हुआ। डॉ गुप्ता ने कहा कि अस्पताल में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही मरीजों से संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील भी की गई है। अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था को दुरुस्त करने और मरीजों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही नई प्रणाली लागू की जा सकती है।